दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 01 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 162 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, धूल भरी आंधी के साथ कई इलाकों में बारिश

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में मौसम का मिजाज बदल गया है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में धूल भरी आंधी के साथ बारिश हो रही है। तेज हवाओं के साथ बारिश से एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं आंधी की वजह से कई जगहों पर पेड़ की गिरने की आशंका है।

**एनसीआर के इलाकों में भी बदला मौसम :** दिल्ली के आरकेपुरम समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। वहीं, नोएडा और गाजियाबाद समेत एनसीआर के अन्य इलाकों में भी मौसम बदल गया है। यहां पर भी धूल भरी आंधी चल रही है और हल्की से मध्यम स्तर की बारिश देखी जा रही है।

**दिल्ली में बारिश का ऑरेंज अलर्ट :** इससे पहले मौसम विभाग ने दिल्ली में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश, बिजली चमकने और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई थी। दिल्ली में बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में पालम हवाई अड्डे पर 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलीं, जो बढ़कर 37 किलोमीटर प्रति घंटे हो गईं।

# भारत ने एक नई लकीर खींची है, हम आतंकवाद से जूझने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं : जनरल वीके सिंह

### शनिवार को आवास पर किया जनता दर्शन कार्यक्रम और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को राज्यपाल मिजोरम जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में रहे। पहले उन्होंने राजनगर सेक्टर-2 के 27 नंबर अपने आवास पर स्थानीय लोगों और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात की और फिर यहां एक एनजीओ द्वारा आयोजित पुष्पाहार प्रोटीन वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और आवास पर आए लोगों के साथ वातार्लाप की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है और जो संदेश दिया है समझदार लोग उससे सहमत हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा है कि वह एक जिम्मेदार पद पर हैं, इसीलिए किसी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणी नहीं करेंगे।

मिजोरम के राज्यपाल जरनल वीके सिंह ने कहा है कि भारत ने एक नई लकीर खींची है, हम आतंकवाद से जूझने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, यह पूरी दुनिया के लिए भारत का नया संदेश है। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की और पुरोहितों के साथ पूजन करने के बाद यहां भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद दिया और फिर दिल्ली के लिए चले गए। मंदिर में पूजा अर्चना करने के दौरान उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह और भाजपा के नेता भी साथ मौजूद रहे।









### पार्टी पदाधिकारियों से भी की वीके सिंह ने मुलाकात

करंट क्राइम : बता दें कि 10 मई को जनरल वीके सिंह का जन्मदिन होता है। उस समय देश में बने हालातों को देखते हुए उन्होंने मिजोरम से गाजियाबाद आने का कार्यक्रम बदल दिया था। उन्हें देशभर से लोगों ने उनके जन्मदिन पर शुभकामना भेजी थी। इसके लिए वह धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए शनिवार को गाजियाबाद आए हुए थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी और कई अन्य सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से भी उन्होंने मुलाकात की। शनिवार को जनरल वीके सिंह राज्यपाल मिजोरम से मुलाकात करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, जगदीश साधना, संजीव गुप्ता समरकूल, अजय गुप्ता, वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले, केडी त्यागी, कालू यादव, भानु सिसोदिया, जगदीश साधना, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक अपने पदाधिकारियों के साथ पहुंची थी। तो वहीं पवन गोयल, कृष्णवीर सिरोही सहित अन्य भाजपा नेता भी जनरल वीके सिंह से मुलाकात करने और उन्हें जन्मदिन के अवसर की शुभकामना देने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके आवास पर सिटी मजिस्ट्रेट और सुरक्षा व्यवस्था भी मौजूद रही।

## राजीव कृष्ण को बनाया गया उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक

### 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए



**लखनऊ करंट क्राइम:** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश को नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका तो शनिवार देर शाम राजीव कृष्ण को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।

तीन दशक से अधिक लंबी सेवा में राजीव कृष्ण ने अलग भूमिकाओं में काम किया है। उनकी छवि एक कर्मठ अधिकारी की रही है। राजीव कृष्ण की गिनती शासन के करीबी और भरोसेमंद अफसरों में होती है। डीजी इंटेलिजेंस और पुलिस भर्ती बोर्ड के चेयरमैन जैसे दो पदों की जिम्मेदारियां एक साथ संभाल रहे हैं। राजीव कृष्णा लखनऊ समेत कई जिलों के पुलिस कप्तान भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह लखनऊ के एडीजी जोन भी रहे हैं। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं।

गौतमबुद्धनगर निवासी राजीव कृष्ण ने इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग की है। दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड प्राप्त कर चुके राजीव कृष्णा का अभी लंबा सेवाकाल है। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

प्रदेश में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद प्रदेश सरकार ने राजीव कृष्णा को भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने परीक्षा सकुशल संपन्न कराई और सरकार ने उनकी काबिलियत को सराहा।

राजीव कृष्ण को भी कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। वह प्रदेश के लगातार पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। अटकलें जोर-शोर से चल रहीं थीं कि वर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार हो सकता है। सूत्रों से मिली खबरों के अनुसार उनके विस्तार को बिल्कुल आखिरी समय पर घोषित किया जाना था। उसके उलट शासन के द्वारा राजीव कृष्ण को प्रदेश को नया डीजीपी बना दिया गया।

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं।

# सिटी फोरेस्ट गाजियाबाद के पुनर्विकास के लिए जीडीए सभागार में बैठक आयोजित

### सिटी फॉरेस्ट होगा पूरे शहर का वन स्टॉप डेस्टिनेशन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सभागार में शनिवार को आयुक्त मेरठ मंडल एवं अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सिटी फोरेस्ट पार्क, गाजियाबाद के पुनर्विकास विषयक एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण की परामर्शदाता संस्था Ernst & Young (E&Y) द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में आई भीषण बाढ़ के चलते सिटी फोरेस्ट में पूर्व में कराए गए विकास एवं अनुरक्षण कार्य प्रभावित हुए थे, जिससे पार्क की सौंदर्य व्यवस्था एवं संरचना को भारी क्षति पहुँची थी। इसी के मद्देनजर सिटी फोरेस्ट के समग्र पुनर्विकास की योजना तैयार की गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण नागरिकों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक हरित पर्यावरण उपलब्ध कराने हेतु प्रयास कर रहा है जिससे ना केवल शहर को सुंदर बनाया जायेगा बल्कि दिल्ली एन सी आर के लिए पर्यटन स्थल के रूप मे उपलब्ध होगा, जहाँ बच्चो को घूमने फिरने के साथ पर्यावरण से जुड़ाव होगा।

### पार्क को अत्याधुनिक और पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा परिवर्तित



करंट क्राइम। प्रस्तुतिकरण में प्रस्तावित किया गया कि पार्क को न केवल पूर्व की तुलना में अधिक आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल रूप में विकसित किया जाएगा, बल्कि इसे एक अत्याधुनिक और जन-सामान्य के लिए उपयोगी पर्यटन स्थल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। प्रस्तावित सुविधाओं में जीप लाइनिंग, ट्रैकिंग ट्रेल्स, बोटिंग, डेकोरेटिव लाइटिंग सहित विभिन्न हाई-एंड सुविधाएं शामिल होंगी, जिससे यह पार्क एक मॉडल अर्बन फॉरेस्ट के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। इस बैठक में आयुक्त, उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त सहित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जोनल प्रभारियों व टीम के साथ की बैठक

### 'साप्ताहिक पैठ बाजारों के विक्रेताओं को मिले सहूलियत'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा साप्ताहिक पैठ बाजरों को व्यवस्थित करने हेतु अधिकारियों से बैठक की गई जिसमें समस्त जोनल प्रभारी व टीम को जोन वार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टाउन वेंडिंग हेतु चल रहे कार्यों की रिपोर्ट भी मांगी गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, डूडा विभाग से भानुप्रिया वह सभी जोनल प्रभारी उपस्थित रहे।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा लगातार शहर की मार्गों पर आवागमन सरल बनाने की कार्यवाही को कराया जा रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त द्वारा टीम के साथ बैठक की गई बैठक में सप्ताहिक पैट बाजारों के संगठनों से विक्रेताओं की सूची के आधार पर सर्वे करने का कार्य प्रारंभ करते हुए सत्यापन किया जाए निर्णय लिया गया है गाजियाबाद नगर निगम पथ विक्रेताओं की सहूलियत तथा शहर के अवैध अतिक्रमण पर विशेष कार्यवाही के लिए योजना बना रहा है जिसमें निर्णय टाउन वेंडिंग कमेटी के माध्यम से होगा। टीम को सर्वे करने के लिए फॉर्मेट भी तैयार कराया गया है जिसमें आधार कार्ड व पथ विक्रेता रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य रूप से होना जरूरी है बताया गया है।



### जून के प्रथम सप्ताह में होगी टाउन वेंडिंग कमेटी बैठक, वेंडिंग जोन पर बनेगी कार्य योजना

करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को जून के प्रथम सप्ताह में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक बुलाने के लिए कहा गया है जिसमें वेल्डिंग जोन में अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा होगी।

### प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना में ऋण प्राप्त करने वालों को मिले वरीयता : नगर आयुक्त



करंट क्राइम। शहर के मार्गों पर आवागमन सरल बना रहे तथा साप्ताहिक पथ विक्रेताओं को सहूलियत मिले इसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल प्रभारी व टीम को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए साप्ताहिक पैठ बाजारों के संगठनों से विक्रेताओं की सूची लेते हुए सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही को भी प्रारंभ करने के लिए कहा गया है जिसमें ऑनलाइन प्रक्रिया को समस्त जोनल टीम को समझाया गया। ऐसे पथ विक्रेता जिनके द्वारा प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना में ऋण प्राप्त किया गया है उनको वरीयता मिले निर्देश दिए गए हैं। डुडा विभाग भी अपने स्तर से स्ट्रीट वेंडर्स का सत्यापन करें निर्देश दिए गए हैं।

# भारी बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर में मचाई तबाही

## 19 की मौत, 12 हजार से अधिक लोग प्रभावित, बाढ़ के चलते हजारों लोग प्रभावित हुए






**नई दिल्ली।** बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ बड़ी तबाही मचाई है। जगह-जगह घर गिर गए हैं। बाढ़ के चलते हजारों लोग प्रभावित हुए हैं।

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 12 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग ने सभी राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है।

### बाढ़ के चलते हजारों लोग प्रभावित हुए, अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन में नौ लोगों ने तोड़ा दम

**मिजोरम में तीन इमारतें ढही :** मिजोरम के दक्षिण मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन के कारण पांच घर और एक होटल ढह गया। इसमें कई लोग फंस गए। लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक सामाजिक संगठन यंग लाई एसोसिएशन (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मियों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-54 अवरुद्ध हो गया है, जिससे लॉन्गतलाई का संपर्क मिजोरम के सुदूर दक्षिणी जिले सियाहा से कट गया है।

**असम में पांच लोगों की मौत :** भारी बारिश और भूस्खलन से असम के कामरूप मेट्रो जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच जिलों में 12,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। गुवाहाटी और सिलचर में बाढ़ से 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए। वहीं लखीमपुर में पानी



ने रिंग बांध को तोड़ दिया। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गुवाहाटी और इसके आसपास के इलाकों में 90 से 134 मिमी बारिश हुई है तथा आगे भी भारी बारिश का अनुमान है।

अरुणाचल प्रदेश में भी बारिश और भूस्खलन ने तबाही मचाई। यहां भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गई। पूर्वी कामेंग जिले में बाना-सेप्पा खंड पर हुए भीषण भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। वहीं लोअर सुबनसिरी जिले में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रोव क्षेत्र के पास भूस्खलन के बाद दो मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य को बचा लिया गया। इसके साथ ही ऊपरी सुबनसिरी जिले में बाढ़ से 100 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। सिगिन नदी उफान पर आ गई है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। इसमें एक से पांच जून तक बारिश का दौर जारी रहने की उम्मीद है। वहीं पूर्वी कामेंग, पूर्वी सियांग, दिबांग घाटी और पश्चिमी कामेंग सहित कई जिलों में बाढ़ का खतरा बताया है।

**त्रिपुरा में एक युवक की मौत, 106 घर क्षतिग्रस्त :** त्रिपुरा में भारी बारिश और आंधी के कारण जिरानिया में एक व्यक्ति डूब गया। 200 से अधिक लोग बेघर हो गए। यहां 106 घर क्षतिग्रस्त हो गए। लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी। जवाहर पुल के नीचे अगरतला में हावड़ा नदी का जलस्तर 10.01 मीटर तक बढ़ गया। धलाई जिले में लोंगट्राई घाटी, पश्चिमी त्रिपुरा जिले में जिरानिया और मोहनपुर, सिपाहीजाला जिले में जम्पुइजाला, तथा गोमती और दक्षिणी त्रिपुरा जिलों के कुछ हिस्सों में पेड़ गिरने के कारण सड़कें जाम हो गईं। मौसम विभाग ने यहां पर भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**मणिपुर में बढ़ा नदियों का जलस्तर :** मणिपुर में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। नम्बुल, इरिल और नम्बोल नदी का जलस्तर भी चेतावनी स्तर तक पहुंच गया है। इंफाल पूर्वी जिले के कई इलाकों में इंफाल नदी के उफान पर होने के कारण कई इलाकों में पानी भर गया। आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है और मणिपुर में व्यापक रूप से हल्की या मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है।

---

### भोपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर भव्य महिला सम्मेलन आयोजित

# शासन का सही अर्थ जनसेवा : मोदी

## देवी अहिल्याबाई होल्कर की आज भी चर्चा है - पीएम

**भोपाल में आज देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें दो लाख महिलाओं के आने का दावा किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आयोजन में शरीक हुए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला महिला सम्मेलन है।**




### दतिया-सतना एयरपोर्ट का उद्घाटन

पीएम मोदी ने जनजातीय, लोक और पारंपरिक कलाओं में योगदान करने वाली महिला कलाकारों को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने भोपाल से दतिया-सतना एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन वीडियो के माध्यम से किया गया। पीएम मोदी ने भोपाल से 1271 अटल ग्राम सुशासन भवनों के निर्माण के लिए 483 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी की।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने जारी किया 300 रुपये का सिक्का

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी ने लाखों बहनों को संबोधित किया। देवी अहिल्या की 300वीं जन्म जयंती पर उनका भाषण महिला शक्ति पर केंद्रित रहा। उन्होंने देश के विकास से लेकर, देश की सुरक्षा में महिलाओ के बढ़ते योगदान को बताया।

पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं मां भारती को भारत की मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आप सभी बहनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया हूं। भाइयों-बहनों, आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्मजयंती है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए ये अवसर प्रेरणा का है। राष्ट्र निर्माण में हो रहे भगीरथ प्रयासों में योगदान देने का है। देवी अहिल्या कहती थीं, शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना होता है। आज का कार्यक्रम उनकी सोच को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर मेट्रो की शुरूआत हुई है, दतिया और सतना हवाई सेवा से जुड़ गए हैं। ये प्रोजेक्ट विकास को गति देंगे, रोजगार के नए अवसर बनाएंगे। मैं आज विकास के इन सारे कामों के लिए आप सबको, पूरे मप्र को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

साथियों, देवी अहिल्या का नाम सुनते ही श्रद्धा का भाव उमड़ता है। उनके व्यक्तित्व के बारे में बोलने पर शब्द कम पड़ जाते हैं। साथियों लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभुसेवा और जनसेवा, इसे कभी अलग नहीं माना, कहते हैं वे हमेशा शिवलिंग साथ लेकर चलती थीं। चुनौती पूर्ण कालखंड में, कोई कल्पना कर सकता है, कांटों से भरा ताज पहनने जैसा काम। लेकिन माता ने अपने राज्य की समृद्धि को नई दिशा दी, गरीबों को सक्षम बनाने का काम किया। वे देश की विरासत थीं। जब देश की मंदिरों, तीर्थस्थलों पर हमले हो रहे थे, उन्होंने उन्हें संवारने का बीड़ा उठाया। हमारे तीर्थों का पुनर्निमाण किया और ये मेरा सौभाग्य है, जिस काशी में लोकमाता अहिल्या में विकास के इतने काम किया, उसी काशी ने मुझे भी सेवा का अवसर दिया। आज अगल आप काशी विश्वनाथ महादेल के दर्शन करने जाएंगे, वहां आपको देवी अहिल्या की मूर्ति भी मिलेगी। साथियों, माता अहिल्या ने गवर्नेंस का ऐसा उत्तम मॉडल अपनाया, जिसमें गरीबों और वंचितों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी। उन्होंने कृषि और वनउपज आधारित कुटीर, हस्त शिल्प को बढ़ाया। खेती को बढ़ावा देने के लिए छोटी-छोटी नहरों की जाल बिछाया। उस जमाने मेंजलसंरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कितने ही तालाब बनवाए। आज तो हम भी कह रहे हैं कि बारिश की एक-एक बूंद को बचाओ।

मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या ने 250-300 साल पहले हमें ये काम बताया था। किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्होंने मसालों और कपास की खेती को प्रोत्साहित किया। आज 300 साल बाद भी किसानों को कहना पड़ रहा है, क्रॉप डायवर्सिटी बहुत जरूरी है। हम सिर्फ धान की खेती करके, गन्ने की खेती अटक नहीं सकते। उन्होंने आदिवासी समाज के लिए, घुमंतू टोलियों के लिए खाली पड़ी जमीन पर खेती की योजना बनाई। मेरा सौभाग्य है कि मुझे एक आदिवासी बेटी, जो आज भारत के राष्ट्रपति के पद पर विराजमान है, उनके मार्गदर्शन में मेरे आदिवासियों भाई-बहनों की सेवा का मौका मिला है।

देवी अहिल्या ने महेश्वरी साड़ी के लिए नए उद्योग लगाए। देवी अहिल्या हुनर की पारखी थीं, वे जूनागढ़-गुजरात से कुछ परिवारों को यहां लाईं, उनको साथ जोड़कर आज से 250-300 साल पहले महेश्वरी साड़ी का काम आगे बढ़ाया। जो आज भी अनेक परिवारों का गहना बन गया है। जिससे हमारे बुनकरों को फायदा हुआ है।

---

# हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को

## 2 साल की सजा, 3 हजार का जुर्माना



**मऊ।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही तीन हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी।

इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है।

---

# सरकार ने घटाई रक्षा खरीद की समयसीमा

## रक्षा सचिव बोले- इससे 69 हफ्तों का समय बचेगा



**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद की समयसीमा को काफी कम किया है, जिससे सैन्य उपकरणों की खरीद में अच्छा खासा समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधारों और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से ये सुधार किए गए हैं। राजधानी दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इस पूरे सुधार से रक्षा खरीद की प्रक्रिया में 69 सप्ताह का समय बचेगा।

**रक्षा खरीद प्रक्रिया में हुए अहम बदलाव :** रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 में बदलाव किए जा रहे हैं। जिनके मुताबिक पारंपरिक नामांकन-आधारित लागत-प्लस खरीद से प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। पोत निर्माण और एएमसीए प्रोजेक्ट में पहले ही ये बदलाव कर दिए गए हैं। राजेश कुमार सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सीआईआई बिजनेस समिट में रक्षा परियोजनाओं में देरी, अवास्तविक समयसीमा निर्धारण और व्यवस्थागत मुद्दों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस देरी से सेना की परिचालन तत्परता पर पड़ने वाले असर पर गंभीर चिंता जाहिर की थी।

---

# संभल हिंसा : मुल्ला अफरोज समेत तीन को कोर्ट में किया गया पेश




**संभल।** संभल हिंसा के मुख्य आरोपियों में शामिल मुल्ला अफरोज, गुलाम और वारिस को भारी सुरक्षा के बीच मुरादाबाद जेल से जिला न्यायालय लाया गया। कुछ देर बाद उन्हें न्यायाधीश दुर्ग नारायन सिंह की अदालत में पेश किया जाएगा। कोर्ट में शाम चार बजे तक तीनों पर आरोप तय होने की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है।

मुल्ला अफरोज पर संभल हिंसा में तीन लोगों की हत्या समेत कुल पांच मामलों में आरोप तय किए जाएंगे। वहीं, गुलाम और वारिस पर भी हिंसा से जुड़े मामलों में सुनवाई होनी है। इस हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड शारिक साटा अभी तक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

गौरतलब है कि 19 मई को आरोप तय होने थे लेकिन मुल्ला अफरोज और गुलाम की पेशी नहीं होने के कारण प्रक्रिया टल गई थी। संभल हिंसा शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताकर कराए गए सर्वे के दौरान भड़की थी। इसमें पथराव, फायरिंग और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। हिंसा में पांच लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी व अधिकारी घायल हुए थे।

मारे गए युवकों बिलाल और अयान के परिजनों की तहरीर पर मुल्ला अफरोज और गुलाम के खिलाफ थाना नखासा में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

---

# दिल्ली भाजपा का '100 दिन सेवा के' कार्यक्रम में रेखा गुप्ता के साथ अनुपम खेर ने की चर्चा




**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अपने 100 दिन पूरे किए। इस अवसर पर दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम गुप्ता ने अपनी सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस मौके पर बीजेपी नेताओं सहित कार्यक्रम में पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम गुप्ता ने कहा, ₹हमने दिल्ली सरकार द्वारा 100 दिनों में किए गए कार्यों पर चर्चा की। विपक्ष को सवाल उठाने की आदत है। सभी कानूनी कार्यवाही पूरी होने के बाद महिला समृद्धि योजना जारी की जाएगी।₹ कहा कि सरकार ने लोगों के हित में निर्णय लिए हैं। 100 दिनों में दिल्ली के विकास के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की लगातार आलोचना के बावजूद उनकी सरकार प्रदर्शन और वितरण पर केंद्रित रही है। महिला समृद्धि योजना सरकार द्वारा किए गए प्रमुख वादों में से एक था।सीएम गुप्ता ने आश्वासन दिया कि योजना से संबंधित सभी कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा।

इस बीच, भाजपा नेताओं ने दावा किया कि सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण और शिक्षा सुधार से लेकर महिला कल्याण और शासन तक, विभिन्न क्षेत्रों में तीन महीने से भी कम समय में स्पष्ट परिणाम दिए हैं। दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की और अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया।

महापौर ने कहा कि जब दिल्ली के मुख्यमंत्री ने हमें दिल्ली सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों के बारे में बताया तो हमें बहुत अच्छा लगा। हमने वह कर दिखाया जो अरविंद केजरीवाल 10 साल में नहीं कर सके। ट्रिपल इंजन वाली सरकार दिल्ली की जनता की सभी समस्याओं का समाधान करेगी।

दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार सभी मोर्चों पर काम कर रही है। सरकार ने 100 दिनों में 'फीस माफिया' पर कानून बनाया है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर इमारत पर एक स्प्रिंकलर लगाया गया है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार दिल्ली के विकास पर काम कर रही है। हम पांच साल में दिल्ली को बदल देंगे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड को बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड दिल्ली की बदलती तस्वीर दिखाता है।

---

# अब राम मंदिर दर्शन से जुड़ेगा धार्मिक पर्यटन का पैकेज



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर दर्शन से अब धार्मिक पर्यटन का पैकेज जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। इसके तहत गुप्तारघाट, दशरथ समाधि, भरतकुंड और मखौड़ा धाम में तकनीक से जुड़े आध्यात्मिक और पौराणिक इवेंट शुरू करने की तैयारी है। इसका मकसद रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले देश-दुनिया के श्रद्धालुओं का यहां पर ठहराव सुनिश्चित करना है।

महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने धर्मिक पर्यटन के इस पैकेज का प्रस्ताव तैयार कर होमवर्क शुरू कर दिया है। पिछले दिनों 23 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हनुमानगढ़ी के हनुमत कथा मंडपम के लोकार्पण के लिए आगमन के दौरान राम मंदिर परिसर में हुई बैठक में महापौर ने सीएम योगी से इस प्रस्ताव पर चर्चा भी की। सीएम ने इसे स्वीकृति प्रदान करते हुए इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए हरी झंडी दे दी है।

**आध्यात्मिक और पौराणिक इवेंट शुरू करने की तैयारी :** इतना ही नहीं इस पैकेज और अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का यहां पर ठहराव सुनिश्चित करने की इस पहल के प्रति सीएम योगी ने भी विशेष दिलचस्पी दिखाई है।




# स्वास्थ्य के माध्यम से मैंने चुनी है जनसेवा : डॉ. पीएन अरोड़ा

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने काफी प्रगति की है। इस क्षेत्र की प्रगति में निजी क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है। उत्तर भारत में निजी क्षेत्र में गाजियाबाद के यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल ने एक स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने और आम लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में एक मुकाम हासिल की है। यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल ने हाल ही में इंदिरापुरम में अत्याधुनिक सुविधायुक्त विश्वस्तरीय अस्पताल का निर्माण किया है। इस अस्पताल में सभी तरह की चिकित्सा सुविधाएं मौजूद है। इस यशोदा मेडिसिटी की स्थापना से गाजियाबाद एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, वह भी अफोर्डबल कीमत में। यशोदा सुपरस्पेश्यालिटी अस्पताल के सीएमडी डॉ० पी०एन० अरोड़ा का कहना है कि अगर मरीज के परिवार इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थता जताते हैं तो वे एक कदम आगे बढकर उनकी मदद करते हैं। करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने पॉडकास्ट पर उनसे बातचीत की है। पेश है इस बातचीत के कुछ अंश :

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
प्रस्तुति




## कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं, सावधानी बरतें : पीएन अरोड़ा

**प्रश्न– एक बार फिर से कोरोना दस्तक दे रहा है; पहले के मुकाबले में हम कितना तैयार है इस बार कोरोना से मुकाबला करने के लिए?**

उत्तर–पहले जब कोरोना आया था तो हमारी तैयारी नहीं थी लेकिन जिस तरह से इंडियन हैल्थ केयर सिस्टम ने इस बीमारी से निपटा, वह पूरी दुनिया में काबिले तारीफ है। पश्चिम के देशों में कोरोना मैनेज नहीं हो पाया था लेकिन हमारे देश में कोरोना से उत्पन्न स्थिति को मैनेज किया गया; दूसरा, अभी कुछ केसेज आए, लेकिन वाइरल लोड हल्का होगा। हमें सावधानी बरतनी होगी। घबराने की जरूरत नहीं हैं।

**प्रश्न– आपके माध्यम से बच्चों को यह संदेश जा रहा है कि स्कूलों में खानपान को लेकर सेमीनार वगैरह होने चाहिए। या आपके अस्पताल की ओर से ऐसे कोई कार्यक्रम चलाए जाते हैं।**

उत्तर– हम लोग रेजिडेंशियल एरिया में कैंप लगाकर स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हाउसिंग सोसाइटी में भी कैंप लगाकर खानपान को लेकर लोगों को अवेयर कर रहे हैं। आपका सुझाव काफी अच्छा है। अगर यह स्कूल के माध्यम से शुरू किया जाए और जागरूकता फैलाई जाए तो बच्चे जंक फूड से दूर रह सकते हैं और पैरेंट्स को भी दूर रख सकते हैं। अब हम अगला कैंप स्कूल में ही लगाएंगे।

**प्रश्न– यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल अब गाजियाबाद और एनसीआर के लिए जरूरत बन गया है। बीमारी होने पर लोग सबसे पहले यशोदा की ओर रूख करते हैं। यह आपकी एक बडी उपलब्धि है और लोगों के लिए भी राहत भरी बात है कि गाजियाबाद में ही विश्व स्तरीय इलाज मिल जाएगा। एनसीआर और पूरे उत्तर भारत में सबसे बडा अस्पताल खोलने जा रहे है।यशोदा मेडिसिटी में किस तरह की सुविधाएं होंगी।**

उत्तर–मेडिसिटी का कॉन्सेप्ट इसतरह से है कि जो सुपरश्यालिटी है, उनके हॉस्पिटल एक डिपार्टमेंट वाइज यानि हॉस्पिटल्स विदिन एक हॉस्पिटल होगा। अगर किसी को हार्ट का प्रॉब्लम है तो उसे एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल जाएंगी। यानि सारी सुविधाएं एक ही हॉस्पिटल में मिल जाएंगी। इसी तरह कैंसर का इलाज भी एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं होंगी।

**प्रश्न– मेडिसिटी के अंदर कितने डिपार्टमेंट होंगे।**

उत्तर–इसमें सभी डिपार्टमेंट्स होंगे। मरीज के आने के बाद उसकी सभी तरह की जांच के साथ ही उसका पूरा इलाज कराने की सुविधा होगी।

**प्रश्न– कब तक मेडिसिटी लॉन्च होगी?**

उत्तर–इसको लगभग एक महीने के अंदर मेडिसिटी को लॉन्च कर देंगे।

**प्रश्न– जब मेडिसिटी लॉन्च हो जाएगी, जाहिर सी बात है कि लोगों को अंदर जिज्ञासा होगी कि किसके हाथ से फीता कटने वाला है?**

उत्तर– दो तीन जगहों पर रिक्वेस्ट भेजी गई है, वहां से कंफर्मेशन आते ही इसकी जानकारी दे दी जाएगी।

**प्रश्न– यह देखा गया है कि कोरोना की लहर के बाद बीमारियां ज्यादा आने लगी है?**

उत्तर– किसी तरह का रिसर्च तो सामने नहीं आया है; दो साल में रिसर्च रिपोर्ट आ जाएगी। हां, देखने में आया है कि किसी साठ साल के व्यक्ति की बीमारी अब पहले आने लगी है। हार्ट के मामलों में बढोत्तरी हुई है। युवाओं में हार्ट की समस्या बढ गई है। कोविड के कारण बीमारियां बढी है।

**प्रश्न– इसके लिए जागरूक कैसे किया जाए; वैक्सिनेशन से क्या बीमारियां बढी है?**

उत्तर– नहीं, वैक्सिनेशन से बीमारियां नहीं बढी है। कोविड के कारण बीमारियां पहले आ रही है। आंख की बीमारियां जल्द आने लगी है। लेकिन अभी तक डॉक्यूमेंटेड तरीके से कहा नहीं जा सकता है लेकिन यह सही है कि कोरोना के बाद बीमारियां तेजी से आने लगी है।

**प्रश्न– यानि जनता को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है?**

उत्तर– बिल्कुल भी नहीं, बस थोडी सावधानी बरतने की आश्वयकत है। बार बार हैंडवाश करना है। थोडी दूरी बनाकर बात की जाए।

**प्रश्न– आपने कहा कि आयुष्मान योजना ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है लेकिन कई शिकायतें मिलती है कि बहुत सारे अस्पताल आयुष्मान योजना को स्वीकार नहीं करते हैं?**

उत्तर–आयुष्मान योजना से संबंधित अस्पतालों में बेड की कमी रहती है। सरकार इस पर काम कर रही है। उसी वजह से वजह से सभी को बेड नहीं मिल पाता है या इंतजार करना पडता है।

**प्रश्न– यशोदा कितना कमिटेड है, आयुष्मान योजना को लेकर ?**

उत्तर– यूपी में पहले आयुष्मान योजना के तहत किडनी टांसप्लांट हमने किया; हार्ट सर्जरी भी हमने की; जितने भी बडे मामले आते हैं, हम करते हैं।

**प्रश्न–कौन–कौन सी जटिल बीमारियों का इलाज यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल में किया जा रहा है ताकि लोगों को दिल्ली या दूसरे शहरों के अस्पताल की ओर जाना न पडे?**

उत्तर– ऐसी कोइ भी बीमारी नहीं है, जिसका इलाज यशोदा में नहीं हो रहा है; आजकल उल्टा हो रहा है, दिल्ली व दूसरे शहरों से लोग यशोदा आ रहे हैं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए; इंटरनेशनल पेशेंट आ रहे हैं। मेडिसिटी देश का ऐसा मॉडल होगा, जहां मेडिकल फेसिलिटी भी मिलेगी; पेशेंट के ज्यादा दिनों तक अस्पताल में रूकना भी नहीं पडेगा।

**प्रश्न–आप एक सेलिब्रेटी बन गए हैं; सभी दलों के नेताओं के बीच आप काफी लोकप्रिय है; इसके पीछे क्या कारण है, आपकी पर्सनालिटी या फिर अस्पताल में इलाज कराने का भरोसा है ?**

उत्तर– नहीं ऐसा नहीं है, सभी के साथ हमारे संबंध अच्छे हैं; सभी का शुक्रगुजार है। मंशा यह रहती है कि कम स्टे में मरीज अच्छा इलाज हासिल करे। टांसपेरेंसी और होनेस्टी मेरी और यशोदा की पहचान है। इसी के आधार पर हम आगे बढ रहे है।

**प्रश्न– इतने बडे बडे नेता आपसे मिलते हैं, आपकी चाय पीते हैं, मुख्यमंत्री हो या केंद्रीय मंत्री, कभी मन नहीं करता है कि राजनीति में आ जाए?**

उत्तर– देखिए, मेरा मानना है कि दो नावों में पैर रखना नहीं चाहिए। पहले भी ऑफर मिला था लेकिन मैंने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया। स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना ही एकमात्र लक्ष्य है। मेडिसिटी के माध्यम से मॉडल तैयार किया उसे आगे ले जाना है।

**प्रश्न– अगर राज्यसभा का ऑफर मिले तो ?**

उत्तर– मैंने स्वास्थ्य के माध्यम से जनता की सेवा का माध्यम चुना है, उसी में संतुष्ट हूं। राजनीति करने के लिए अन्य लोग बेहतर है।

**प्रश्न–जब हम राजनीतिक दलों और सरकार को देखते है तो हम भी किसी विचारधारा से जुड जाते हैं। हमारे पाठक जानना चाहते हैं कि आप किस विचारधारा से प्रभावित है?**

उत्तर– देखिए इस सवाल का जवाब मैं नहीं दे सकता हूं। मेरे परिवार के संस्कार संघ परिवार से जुडे हैं। सभी दल अच्छे हैं। सभी अच्छे काम कर रहे हैं।

**प्रश्न– अगर कोई चुनाव आ जाता है तो अरोडा परिवार का नाम चल जाता हैं। ऑटोमैटिक तरीके से चलने लगता है। ऐसा क्यों?**

उत्तर–ये अटकलें लगाई जाती है। इसके पीछे का कारण है कि मैं स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से पब्लिक से जुडा रहता हूं। आगे से इन अटकलों पर विराम लग जाएगा। पॉलिटिक्स में जाने का कोई इरादा नहीं है।

**प्रश्न– एक ही साल्ट की दवाई की कीमत अलग–अलग क्यों होती है?**

उत्तर– आजकल जेनेरिक दवाइयों के बारे में कापफी कुछ कहा जाता है। दोनों प्रकार की दवाइयां अच्छी होती है अगर साल्ट सही हो। बीमारियों में दवाइयों और इजेंक्शन की कापफी भूमिका होती है। दोनों में कोई पफर्क नहीं है।

**प्रश्न–कोई ऐसा खाना जो आपकों बहुत पसंद हो?**

उत्तर– बचपन में जो खाना जो सबसे खराब लगता था तोरी और लौकी की सब्जी। रोटी खाने के लिए जितनी जरूरत पडती थी, उतनी ही लेता था। आज ये सब्जियां सबसे ज्यादा पसंद है। एक कटोरी दही खाता है। पिछले तीस सालों से चावल और गेहूं छोड रखा हूं।

**प्रश्न– मीठे में क्या पसंद है?**

उत्तर– मीठा मुझे कतई पसंद नहीं है। मेरे सामने कोई मीठा खाए तो उसे मना कर देता हूं कि भाई मीठा मत खाओ, सेहत के लिए सही नहीं है।

**प्रश्न–आपने पूरी दुनिया की सैर की है। कौन सा ऐसा देश है जहां घूमने में अच्छा लगता है?**

उत्तर– एक ही देश है जहां मुझे घूमने में बहुत अच्छा लगता है और वह देश है अपना भारत।

**प्रश्न– किस तरह की फिल्में आपको पसंद है?**

उत्तर– देखिए हॉल में पिफल्म देखे हुए बीस-बाइस साल हो गए। हां, चलते पिफरते पिफल्में देख लेता हूं। गाना सुनने में अच्छा लगता हैं। गाने में भी कोशिश की लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था।

### हमारी सेना का मकसद आतंकवाद को खत्म करने का है, पाकिस्तान को नहीं

**प्रश्न– अभी हाल ही में पहलगाम में धर्म पूछकर हत्याएं की गई। इसके बाद भारत ने आतंकवादी अडडों को ध्वस्त कर कार्रवाई की। बाद में सीजपफायर हो गया, जिसे लेकर कंटोवर्सी भी हुई। सीजपफायर को लेकर आपके क्या विचार है?**

उत्तर–देखिए युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। मासूम पर्यटकों की हत्या कर पाकिस्तान ने कायरता का परिचय दिया। पाकिस्तान की जितनी निंदा की जाए कम है। हमारी सेना का मकसद आतंकवाद को खत्म करने का है, पाकिस्तान को नहीं। पाकिस्तान एक कायर देश है। जब भी वह वारदात करेगा तो पिफर से जवाब मिलेगा। देखिए, रशिया और यूक्रेन का युद्ध तीन साल से चल रहा है। दोनों देशों की जनता को कितना नुकसान उठाना पड रहा है। मोदी जी का निर्णय सही था। पाकिस्तान अब दुस्साहस नहीं कर पाएगा।

# मैं 365 दिन योगा करता हूं : पीएन अरोड़ा

**प्रश्न– कहते हैं कि करो योग रहो निरोग, साथ आयुर्वेद की भी बडी चर्चा होती है। पैरेलल मेडिकल में ये दोनों कितना लाभकारी है?**

उत्तर–आयुर्वेदिक पद्धति को हमें अपने लाइपफस्टाइल के साथ लेना चाहिए। इससे कई बीमारियों से बच सकते है। लेकिन कभी कभी यह सुनने में आता है कि हमने कैंसर का इलाज निकाल लिया। इस तरह मिसगाइड से बचना चाहिए। अगर योगा को हम रेगुलर ले लेते हैं तो स्वस्थ रह सकते हैं। मैं 365 दिन योगा करता हूं।

---

# बीते 24 घंटे में देहात पुलिस ने किए तीन एनकाउंटर

## लोनी, निवाड़ी और भोजपुर में चली पुलिस की गोली

### - मुठभेड़ के बाद कुल पांच शातिर बदमाश किए गए गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बदमाशों के लिए पुलिस लगातार ऑपरेशन ठोंको चला रही है। बीते 24 घंटे के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत पुलिस ने तीन एक के बाद एक एनकाउंटर किए हैं। जिसके बाद पांच बदमाशों को गिरफ्तार करने का काम किया गया है।

इसमें शातिर लुटेरे से लेकर गोली मारने की नीयत से हमला करने वाले बदमाश शामिल हैं।

शुक्रवार की रात लोनी, निवाड़ी और भोजपुर पुलिस द्वारा मुठभेड़ की गई है। जिसमें एसीपी लोनी सिद्धार्थ और एसीपी मोदी नगर ज्ञान प्रकाश द्वारा पकड़े गए आरोपियों की जानकारी दी गई।





> पुलिस लगातार बदमाशों को सबक सिखा रही है। लगातार अभियान चलाकर बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है।
>
> जे रविंदर गौड़, सीपी गाजियाबाद

### लोनी पुलिस ने तनवीर को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार



करंट क्राइम : लोनी थाना टीम ने मुठभेड़ के दौरान लोनी क्षेत्र में जान से मारने की नीयत से गोली चलाने की घटना को कारित करने वाले बदमाश तनवीर निवासी सुभाष विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया है। 38 वर्षीय तनवीर पर कई और मुकदमे भी दर्ज हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि दिल्ली और पुलिस कमिश्नरेट में तनवीर पर करीब तीन दर्जन से अधिक लूट, छिनैती, चोरी, वाहन चोरी ,अवैध शस्त्र व हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप में तनवीर की पुलिस को तलाश थी। जिसें मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया है।

### भोजपुर में पुलिस मुठभेड़ में नाजिम और प्रवेश गिरफ्तार





करंट क्राइम : वहीं भोजपुर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान 13500 रुपये और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी नाजिम उर्फ नाजिम उर्फ राजा निवासी बदायूं और प्रवेश कुमार गुप्ता निवासी बुलंदशहर शिकारपुर पर लूट और कई अन्य गंभीर मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उनकी तलाश में थी और यह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए हैं।





### निवाड़ी में पुलिस ने 84 मुकदमों में वांछित राशिद और धनंजय को दबोचा

करंट क्राइम : निवाड़ी पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान दो अंतरराज्यीय लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें राशिद निवासी टीलामोड़ और धनंजय निवासी शालीमार गार्डन को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त राशिद पर जनपद गौतमबुद्ध नगर दिल्ली में लगभग 14 मुकदमे हैं। तो धनंजय के खिलाफ गाजियाबाद दिल्ली में 70 मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही इसका अन्य आपराधिक रिकार्ड भी गाजियाबाद पुलिस की टीमें जुटाने का काम कर रही हैं। पुलिस की टीमों ने इनसे तमंचा, खोखा, कारतूस, मोटरसाइकिल और लूट की वारदात में शामिल नगदी बरामद की है।

---

# ऑफिस और सेल में तैनात पुलिसकर्मियों को अब सुबह 10 बजे तक हर हाल में लगानी होगी बायोमेट्रिक हाजिरी

### -शाम छह बजे तक कार्यालय में रहना होगा, तभी लगेगी आउट पंचिंग

### - पुलिस ऑफिस में लगाई गई हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक मशीन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ द्वारा पुलिसकर्मियों से ठीक प्रकार से ड्यूटी देने और अधिकतम समय उपस्थित रहने के मकसद से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के कार्यालयों और अलग-अलग सेल में पुलिसकर्मियों की उपस्थिति अब बायोमैट्रिक मशीन के जरिये शुरू करवा दी गई है। इसकी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुरूआत कर दी गई है। जिसके तहत अब पुलिस कर्मियों को सुबह 10 बजे तक अपनी उपस्थिति लगानी होगी, वहीं शाम 6 बजे के बाद ही वह ऑफिस छोड़ सकेंगे। दिन में दोनों टाइम उनको इन और आउट करना होगा और यही उनकी कार्य का रिकॉर्ड रहेगा। उधर बायोमेट्रिक सिस्टम शुरू होने के बाद थानों और अन्य स्थानों पर भी इसे जल्द ही शुरू करने का प्लान है लेकिन अभी इसको लेकर कई और अन्य सुधार भी किए जाने की आवश्यकता बताई जा रही है।

### सीपी ने आगरा में भी किया था ऐसा ही काम




करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों ने बताया है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा थाने पर पहुंचते समय और थाना से ड्यूटी खत्म कर वापसी के समय पुलिसकर्मियों को बायोमैट्रिक मशीन के जरिए अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी। बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने वाली व्यवस्था अब पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस में लागू की जाएगी। कहा जा रहा है कि जल्द ही इसे अब पूरे नगर क्षेत्र के थानों में लागू कर दिया जाएगा, जिसकी शुरूआत जल्द होगी। वहीं ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी और आपसी तालमेल को तय करने के उद्देश्य से बायोमेट्रिक हाजिरी व्यवस्था को लागू किया गया है।



### ड्यूटी के अंत में भी हाजिरी जरूरी

करंट क्राइम : अब जब पुलिसकर्मी कार्यस्थल पर अपनी ड्यूटी पर पहुंचेंगे तो बायोमैट्रिक मशीन के जरिए हाजिरी दर्ज कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि कौन सा पुलिसकर्मी किस समय अपनी ड्यूटी पर पहुंचा। इसके साथ ही जब ड्यूटी खत्म हो जाएगी तब भी हाजिरी लगानी अनिवार्य है, जिससे यह तय होगा कि आखिर तय समय ही पुलिसकर्मी कार्यक्षेत्र में जा रहे हैं या नहीं।

### लेट आने वालों पर होगी कार्रवाई, पहले ही दिन मांगा स्पष्टीकरण



करंट क्राइम : इस बायोमैट्रिक हाजिरी के जरिए ये भी पता चलेगा कि सभी पुलिसकर्मियों से बराबर काम लिया जा रहा या नहीं, क्योंकि अक्सर शिकायतें रहती हैं कि किसी से ज्यादा काम कराया जा रहा है और किसी से कम तो वह शिकायत भी खत्म होंगी। इस मशीन के जरिए पक्षपात की आने वाली बातें भी खत्म होगा क्योंकि बायोमेट्रिक मशीन की हाजिरी बताएगी कि आखिर कब आया और कब गया। वहीं सूत्रों से बताया है कि शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई पुलिसकर्मियों को दूरी से आने पर उनका स्पष्टीकरण भी ले लिया गया है।

## संपादकीय

# सकारात्मक माहौल

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2000 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों के परिणाम संकेत देते हैं कि राजस्व और मुनाफा वृद्धि में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही की तुलना में सालाना आधार पर राजस्व में 7.6 फीसदी की वृद्धि हुई। कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 12.7 फीसदी और तिमाही आधार पर 15.7 फीसदी की वृद्धि हुई। एकबारगी समायोजित कर पश्चात लाभ सालाना आधार पर 9 फीसदी और तिमाही आधार पर 13 फीसदी बढ़ा। हालांकि वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं है लेकिन यह रुझान (जहां कर पश्चात लाभ में वृद्धि तिमाही आधार पर वार्षिक आधार की तुलना में अधिक रही) कारोबारी चक्र में बदलाव का संकेत दे सकता है।

पेट्रोलियम और बैंकिंग एवं वित्त जैसे अस्थिर क्षेत्र, जिनका प्रदर्शन औसत रहा, उन्हें बाहर कर दिया जाए तो अन्य क्षेत्रों के लिए राजस्व में वृद्धि कुल मिलाकर सालाना आधार पर 9.5 फीसदी और तिमाही आधार पर 7.1 फीसदी रही, जबकि परिचालन लाभ में सालाना 18 फीसदी की वृद्धि हुई और कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 21.4 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। समायोजन के बाद कर पश्चात लाभ सालाना आधार पर 15.4 फीसदी और तिमाही आधार पर 17.6 फीसदी बढ़ा। वहीं करों का भुगतान सालाना और तिमाही आधार पर 13.9 फीसदी बढ़ा।

तेल क्षेत्र पर कच्चे तेल और गैस की कम कीमतों का असर हुआ और राजस्व में सालाना आधार पर 0.9 फीसदी का इजाफा हुआ जबकि परिचालन लाभ में सालाना आधार पर 1.5 फीसदी का इजाफा हुआ। कर पश्चात लाभ में 2 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि, तिमाही आधार पर कर पश्चात लाभ 19 फीसदी बढ़ा। यह इस बात का संकेत है कि रिफाइनरों को बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन से मुनाफा हुआ और वित्त वर्ष25 की चौथी तिमाही में तेल एवं गैस कीमतों में गिरावट ने भी उनकी मदद की।

बैंकों की आय में सालाना आधार पर 8.8 फीसदी की वृद्धि हुई और करों में 28 फीसदी का भारी इजाफा सहन करने के बाद सालाना आधार पर उनका कर पश्चात लाभ 3.3 फीसदी बढ़ा। गिरते ब्याज दर के दौर का सकारात्मक प्रभाव अभी तक सामने नहीं आया है। वाहन कलपुर्जा, पूंजीगत वस्तु, लॉजिस्टिक्स और औषधि क्षेत्र की राजस्व वृद्धि ने सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि का आंकड़ा पार कर लिया। अधोसंरचना और सीमेंट क्षेत्र आपस में करीब से जुड़े हुए हैं क्योंकि सीमेंट की बिक्री विनिर्माण पर निर्भर है, ऐसे में दोनों के राजस्व में तिमाही आधार पर 15 फीसदी का इजाफा हुआ और दोनों ने सालाना आधार पर एक अंक में लेकिन ऊंची वृद्धि दर्ज की। पूंजीगत वस्तुओं के मुनाफे में सालाना आधार पर 11 फीसदी और तिमाही आधार पर 22 फीसदी का इजाफा हुआ। वहीं समायोजित कर पश्चात लाभ की बात करें तो अधोसंरचना क्षेत्र में इसमें 95 फीसदी और लॉजिस्टिक्स में 32 फीसदी का इजाफा हुआ। बिजली क्षेत्र का राजस्व 7 फीसदी बढ़ा जबकि समायोजित मुनाफा 19.7 फीसदी बढ़ा। औषधि और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र देश के व्यापार के अग्रदूत हैं। औषधि क्षेत्र का राजस्व सालाना आधार पर 13 फीसदी बढ़ा जबकि एकबारगी कर पश्चात समायोजन के बाद लाभ 61 फीसदी बढ़ा। यहां अधिकांश चिंताएं शुल्क को लेकर छिड़ी जंग से जुड़ी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 8.5 फीसदी की राजस्व वृद्धि दर्ज की और कर पश्चात लाभ केवल 4.6 फीसदी रहा। मार्जिन में कमी एक बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि यह उद्योग बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, वीजा संबंधी चिंताएं और बदलते कारोबारी माहौल के कारण परिस्थितियां बदल रही हैं।

दैनिक उपयोग की उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) के उद्योग में सालाना आधार पर 7.7 फीसदी की राजस्व वृद्धि देखने को मिली जबकि समायोजित कर पश्चात लाभ 5 फीसदी बढ़ा। यहां भी मार्जिन में कमी आई। वाहन उद्योग में अगर टाटा मोटर्स को बाहर कर दें (जेएलआर के कारण उसके नतीजे बहुत अस्थिर रहे) तो मुनाफे में मामूली वृद्धि देखने को मिली। जेएलआर को शमिल करें तो सालाना आधार पर कर पश्चात लाभ 24 फीसदी घट गया। दोपहिया वाहन कंपनियों का प्रदर्शन चार पहिया वाहनों से अधिक बेहतर रहा। व्यापक दृष्टि डालें तो तिमाही आधार पर तेजी मतलब हो सकता है कारोबारी चक्र में तेजी। एफएमसीजी और वाहन जैसे क्षेत्रों के परिणाम संकेत देते हैं कि खपत बहुत मजबूत नहीं थी। वैश्विक मोर्चे पर भी चिंताएं बरकरार हैं, लेकिन उम्मीद की कुछ किरणें भी हैं।

# महंगाई से राहत पर बड़ा फैसला : खाद्य तेल की कीमत बढ़ने से रोकेगी सरकार, कच्चे तेल पर आयात शुल्क 10 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के इस फैसले का मकसद खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और खाने के तेल का कारोबार करने वाले घरेलू कारोबारियों के हितों की रक्षा करना है। पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। बता दें कि भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है।

### कीमतों में कमी से लाभ मिलेगा

इस फैसले के बाद उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा कि कच्चे तेल पर शुल्क में कमी से घरेलू कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

**केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने फैसले की पुष्टि की :** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी कर खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को घटाने के फैसले की जानकारी दी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

### ताजा फैसले के बाद कितनी राहत मिलेगी?

इस फैसले पर उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर लगने वाला मूल सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है।

इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा। पहले 27.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। उन्होंने कहा, हाल ही में रिफाइंड पाम तेल का आयात बढ़ा है, क्योंकि यह कच्चे पाम तेल की तुलना में सस्ता है।

**सरकार ने साहसिक फैसला लिया :** शुक्रवार देर रात जारी बयान में एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, 'सरकार ने कच्चे और रिफाइंड तेलों के बीच शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का साहसिक फैसला सही समय पर लिया है। अब रिफाइंड पामोलिन का आयात कम होगा।

# 2 लाख तक का गोल्ड लोन वाले आरबीआई के प्रस्तावित नियमों से हो सकते हैं बाहर



**वित्त मंत्रालय ने कहा, हमने गोल्ड लोन पर केंद्रीय बैंक के मसौदा दिशा-निदेशों की जांच की है और इन छोटे कर्जदारों को इससे बाहर रखने का सुझाव दिया है।**

**नई दिल्ली।** दो लाख रुपये तक का गोल्ड लोन लेने वाले कर्जदार आरबीआई के प्रस्तावित नियमों से बाहर हो सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा, हमने गोल्ड लोन पर केंद्रीय बैंक के मसौदा दिशा-निदेशों की जांच की है और इन छोटे कर्जदारों को इससे बाहर रखने का सुझाव दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 9 अप्रैल को गोल्ड लोन पर मसौदा दिशानिर्देश जारी किया था। इसमें गारंटी में सुधार करने और लोन को सही तरीके से उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। यह भी प्रस्ताव किया गया कि सोने के बदले वर्गीकृत सभी कर्जों का ऋण मूल्य अनुपात सोने के मूल्य के 75 फीसदी से अधिक नहीं होगा।

**जनवरी, 2026 से लागू हो सकता है नियम :** वित्त मंत्रालय ने कहा, आरबीआई के मसौदा निदेशों की वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने जांच की है। डीएफएस ने केंद्रीय बैंक को सुझाव दिए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे गोल्ड लोन उधारकताओं की जरूरतों पर विपरीत प्रभाव न पड़े। ऐसे दिशानिर्देशों को क्षेत्र स्तर पर लागू करने के लिए समय की जरूरत होगी। इसलिए, एक जनवरी, 2026 से यह लागू हो सकता है।

**आरबीआई भी कर रहा समीक्षा :** डीएफएस ने सुझाव दिया कि 2 लाख रुपये तक के उधारकताओं को इन निदेशों से बाहर रखा जा सकता है, ताकि उन्हें समय पर और तुरंत कर्ज मिल सके। आरबीआई भी फीडबैक की समीक्षा कर रहा है।

## राशिफल

**मेष:** इस समय बेहतरीन ग्रह स्थिति बनी हुई है। कोई पॉलिसी अथवा व्यवसाय निवेश करने के लिए अनुकूल समय है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

**वृष:** घर में किसी नजदीकी संबंधी के आगमन से खुशनुमा माहौल रहेगा। उपहारों का आदान-प्रदान भी रहेगा।

**मिथुन:** घर परिवार में कुछ योजनाओं को लेकर आपसी विचार-विमर्श होगा और बेहतरीन हल भी निकलेगा।

**कर्क:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका कोई खास कार्य बन सकता है। परिवार के साथ खुशी से दिन बीतेगा।

**सिंह:** संतान को कोई उपलब्धि मिलने से घर में खुशनुमा माहौल रहेगा। किसी सम्मेलन या समारोह में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सम्मान के साथ आपकी आवभगत भी रहेगी।

**कन्या:** बच्चों के साथ धैर्य रखते हुए व्यवहार करें, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और आपका मान-सम्मान भी करेंगे।

**तुला:** अपनी योजनाओं और इच्छाओं को मूर्तरूप देने का उत्तम समय है। इस समय का उचित सदुपयोग करें। आप में हर कार्य को लगन से करने की ललक रहेगी।

**वृश्चिक:** दिन की शुरूआत किसी अच्छी खबर से होगी। आज परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव तथा कई अवसर सुलभ होंगे।

**धनु:** न्आज सुखद अनुभव व्यतीत होगा। धन लाभ की स्थिति बन रही है। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई महत्वपूर्ण काम संभव हो सकता है।

**मकर:** आज किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन में आपका खास कार्य संपन्न हो सकता है। रूपए-पैसे से संबंधित भी कुछ गतिविधियां रहेंगी।

**कुंभ:** समय कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा। रुकावटों के बावजूद आप महत्वपूर्ण कामों को निपटाने में सक्षम रहेंगे।

**मीन:** इस समय बेहतरीन ग्रह स्थिति बनी हुई है। अगर मन में कोई दुविधा है तो उसे किसी नजदीकी मित्र से अवश्य शेयर करें। निश्चित ही आपको समाधान मिलेगा।

## चुटकुले

पप्पू अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर डॉक्टर के पास गया...
डॉक्टर - बेटी ये चोट कैसे लगी?
तभी पप्पू बोल पड़ा - डॉक्टर साहब ये मेरे से रोज लड़ती थी!
मैंने रोज लड़ने का कारण पूछा तो बोली- लड़ने से मोहब्बत बढ़ती है।
डॉक्टर - फिर क्या हुआ?
पप्पू - फिर होता क्या,
मोहब्बत बढ़ाने के लिए मैंने भी जड़ दिए लात घूसे...!!!
डॉक्टर बेहोश...

---

संता ने पूछा बंता से...
बंता भैया, जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं?
बंता बोला - कुछ भी कह लो यार, जब उसे सुनाई ही नहीं देता...!!!




# भारत के बाजारों में हुई विदेशी निवेशकों की वापसी

## मई में एफपीआई निवेश 19,860 करोड़ रुपये के पार




**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय बाजारों में मजबूत हुआ है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने मई 2025 में भारतीय बाजारों में रिकॉर्ड तोड़ निवेश किया है। इस महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 19,860 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। यह इस साल अब तक का सबसे ऊंचा मासिक निवेश रहा।

### शुक्रवार को गिरावट दर्ज हुई

26 मई से 30 मई के बीच के सप्ताह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 6,024.77 करोड़ रुपये डाले। एनएसडीएल ने बताया कि इन दिनों में सकारात्मक निवेश देखने को मिला। लेकिन शुक्रवार को 1,758.23 करोड़ रुपये की बिकवाली देखी गई।

इस मजबूत मासिक प्रदर्शन के बावजूद, 2025 में कुल एफपीआई निवेश नकारात्मक क्षेत्र में बना हुआ है। जनवरी से मई तक, 92,491 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई। हालांकि मई में भारतीय बाजारों में तेजी ने विदेशी निवेशकों की धारणा में आए बदलाव की ओर संकेत किया।

**वैश्विक अनिश्चितता से पड़ सकता है फर्क :** डॉलर में आई कमजोरी ने भारतीय बाजारों के लिए अवसर पैदा किए। भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करती रही है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितता के कारण उतार-चढ़ाव होने की संभावना बनी हुई है। पिछले महीनों के आंकड़ों से यह पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये और 34,574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।
- महिलाएं सामान्य तौर पर ऐसे सवाल पुछती हैं जिनके जवाब उन्हें पहले से पता होते हैं, इसलिये बेहतर होगा कि आप सच ही कह दें।
- ज्यादा सोचना एक किस्म की निराशा की तरफ बढता है और आप खुद को सामाजिक और भावनात्मक तौर पर अकेला पाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की खोज जेम्स कुक ने की थी।
- आप जिस लिफ्ट में हैं और वो नीचे गिर रही है तो आप लिफ्ट के बीच में लेटकर खुद को बचाएं।
- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**ग्रैंडस्लैम।** गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।









## सबालेंका और स्वियातेक की एकतरफा जीत

तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्बुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होल्गर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

## सिनर और गॉफ भी अगले दौर में पहुंचे

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।

### ड्रेपर ने कमाल का खेल दिखाया

ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी।

### पेगुला और मेडिसन कीज भी अगले दौर में

महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन माकेर्टा वोंड्रोसोवा शामिल थी। साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

# अन-ऑफिशियल टेस्ट-करुण नायर पहले दिन 186 रन पर नाबाद लौटे

**कैंटबरी।** करुण नायर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अन-ऑफिशियल टेस्ट के पहले दिन 186 रन पर नाबाद लौटे हैं।उनके साथ ध्रुव जुरेल 82 रन पर खेल रहे हैं। इंडिया-ए से सरफराज खान शतक से चूक गए।




कैंटबरी में करुण और सरफराज की शानदार 181 रन की साझेदारी ने इंडिया-ए को शुरूआती विकेटों के बाद संभाला। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए ध्रुव जुरेल के साथ नायर ने नाबाद 177 रन जोड़े। पहले दिन स्टंप्स के बाद टीम का स्कोर 3 विकेट खोकर 409 रन है। इंग्लैंड लायंस की तरफ से जोश हुल ने 2 और एड्डी जैक ने एक विकेट लिए।

इंग्लैंड लायंस के कप्तान जेम्स रेव ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। इंडिया-ए ने अपना पहला विकेट मात्र 12 रन पर गंवा दिया। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 8 रन पर छइह आउट हुए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने 24 रन बनाए और जैक की बॉल कैच आउट हुए।

करुण और सरफराज ने पारी संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की साझेदारी हुई। इसे जोश हुल ने सरफराज को आउट कर तोड़ा। सरफराज ने 119 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 92 रन बनाए।

सरफराज के आउट होने के बाद करुण नायर ने शतक लगा दिया। उन्होंने नाबाद 186 रन बनाए और पारी में 24 चौका कर एक सिक्स भी लगाया।

# जय शाह ने यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की; 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' को लेकर विशेष एलान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की।



शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।' शाह ने इस वर्ष की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस रविवार को देशव्यापी कार्यक्रम ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्व के 25वें संस्करण तिरंगा रैली का नेतृत्व करेंगे जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों को भी सम्मानित किया जाएगा। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पहलवान सरिता मोर, पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम और बॉलीवुड अभिनेता शारवरी रैली के दिल्ली चरण में मांडविया के साथ शामिल होंगे। रैली को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में 1,200 से अधिक साइकिल चालकों के इस तिरंगा रैली में भाग लेने की उम्मीद है। इसके साथ ही देश भर में 2000 से अधिक स्थानों पर तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। ओडिशा में राज्य के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली के भुवनेश्वर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

# भांबरी और गेलोवे की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन जारी, फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे



**नई दिल्ली।** युकी भांबरी और रॉबर्ट गेलोवे की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है। भारत के युकी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार गेलोवे ने करीब ढाई घंटे तक चले दूसरे दौर के मुकाबले में क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के माइकल वीनस की जोड़ी को 6-7, 7-6, 6-3 से हराया।

अब भांबरी और गेलोवे का सामना नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग से होगा। भांबरी और गेलोवे ने पहले दौर में रॉबिन हासे और हेंड्रिक जेबेंस को 6-3, 6-7, 6-3 से मात दी थी।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अनिमेष ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, 200 मीटर स्पर्धा में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में =पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में कांस्य पदक जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता।



कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता।

महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56.46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। चीन की मो जियादी ने 55.31 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि बहरीन की ओलुवाकेमी अडेकोया 55.32 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस दौड़ में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी अनु राघवन 57.46 सेकंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं।

महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23.47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23.90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं। याराजी ने इस सप्ताह की शुरूआत में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।

# भाला फेंक में भारत के नए स्टार सचिन यादव

**नई दिल्ली।** उभरते हुए भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने शनिवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कमाल कर दिया। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। 25 वर्षीय सचिन ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया और 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया।



सचिन इससे पहले एनसी क्लासिक की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उसके स्थगित होने से वह निराश हो गए। उन्हें इस खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का फायदा उठाकर अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने की उम्मीद थी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण प्रतियोगिता को स्थगित किए जाने से पहले सुपरस्टार और मेजबान नीरज चोपड़ा और सचिन सहित कुल पांच भारतीयों को टूर्नामेंट के पहले सत्र में हिस्सा लेना था। बेंगलुरु में होने वाली इस प्रतियोगिता की नई तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है।

उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों और कोच्चि में फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले 25 वर्षीय सचिन ने बताया था कि वह एनसी क्लासिक में मजबूत प्रदर्शन के साथ इस साल होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करना चाहते थे। सचिन ने दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पहले कहा, 'मैं एनसी क्लासिक के लिए तैयारी कर रहा था। टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को हिस्सा लेना था और जब आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं तो आप बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मैं एनसी क्लासिक के दौरान विश्व चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग स्तर को हासिल करने की उम्मीद कर रहा था, इसलिए मैं थोड़ा निराश हूं।'

दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता जर्मनी के थॉमस रोहलर (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.90 मीटर), 2015 विश्व चैंपियन कीनिया के जूलियस येगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर) को एनसी क्लासिक में हिस्सा लेना था। इस प्रतियोगिता में कुल 12 खिलाड़ियों को शिकरत करनी थी। टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप का स्वतः क्वालिफाइंग स्तर 85.50 मीटर है। सचिन गुमी में इसे पार करने से चूक गए। केवल दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाले नीरज ने विश्व चैंपियनशिप की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालिफाई किया है। किशोर जेना और सचिन को इस आंकड़े को पार करना होगा, तभी वह विश्व चैंपियनशिप के लिए योग्य हो पाएंगे।

उत्तर प्रदेश के बागपत के पास खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आने वाले यादव एशियाई चैंपियनशिप के रूप में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्हें नीरज के बाद पुरुषों की भाला फेंक में अगला बड़ा नाम माना जा रहा है। सचिन का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है अब 85.16 मीटर है। हालांकि, वह विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने से निराश हैं। सचिन को भाला फेंक से उनके पड़ोसी संदीप यादव ने परिचित कराया था जिन्होंने बाद में उन्हें नई दिल्ली (जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एनसीओई में) में जाने-माने भाला फेंक कोच नवल सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने की सलाह दी।

# बरेली में स्टेडियम प्रीमियर क्रिकेट लीग में खेले गए दो मुकाबले, इन टीमों ने दर्ज की जीत

**बरेली।** बरेली में डीजी इंफ्रा ग्रुप की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट मैदान पर आयोजित बरेली कॉरपोरेट लीग में शुक्रवार को क्वालीफायर मैच खेला गया। इसमें किंग्सलेयर ने पांच विकेट से मुकाबले को अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। किंग्सलेयर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जारिया कलेक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 155 रनों का लक्ष्य किंग्सलेयर के समक्ष रखा। हेमंत बिष्ट ने 48 गेंदों में 64 रन बनाए। किंग्सलेयर की ओर से राहुल कपूर व आकाश ने तीन-तीन विकेट लिए।




लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्सलेयर की टीम ने 19.1 ओवर में 158 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रतीक पाल ने 57 गेंदों पर 69 रन व राहुल कपूर ने 30 गेंदों पर 47 रनों का योगदान दिया। जारिया कलेक्शन की ओर से हेमंत बिष्ट ने दो विकेट लिए। राहुल कपूर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

दूसरा एलिमिनेटर मैच डीजी इंफ्रा व शाहजेब फर्नीचर के मध्य खेला गया। इसमे डीजी इंफ्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। शाहजेब फर्नीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीजी इंफ्रा की टीम ने 18.5 ओवर में 146 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया।

तीन विकेट झटकने के लिए फहीम निजामी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, रघुवंश राम, आरके मनराज, यशराम, विशाल राम, संजीव, शब्बू, रियाज अफरीदी आदि उपस्थित रहे। मैच के अंपायर संदीप पाल व पिंटू सिंह रहे। स्कोरिंग अनूप गुप्ता ने की।

दूसरे मैच में स्टेडियम पैंथर्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। स्टेडियम टाइगर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 158 रन बनाए। कप्तान कुशाग्र ने सात चौके और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम पैंथर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 147 रन ही बना साकी। स्टेडियम टाइगर्स की ओर से कप्तान कुशाग्र ने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट लिए। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे दौरान मुख्य अतिथि आरएसओ जितेंद्र यादव, केसी पटेल, मो. कमर, मो. चमन, सोनेंद्र श्रोतिया आदि उपस्थित रहे।

### स्टेडियम प्रीमियर क्रिकेट लीग में खेले गए दो मुकाबले

स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्टेडियम प्रीमियर क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। इसमें स्टेडियम चैलेंजर्स और स्टेडियम टाइगर्स की टीमें विजेता बनीं। पहले मैच में स्टेडियम किंग्स ने टॉस जीता। बल्लेबाजी का आमंत्रण पाकर स्टेडियम चैलेंजर्स की टीम 19.2 ओवर में 122 रन ही बना सकी। स्टेडियम किंग्स की ओर से सुबोध कुमार ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम किंग्स की टीम 19.4 ओवर में 116 रनों पर ही ढेर हो गई। स्टेडियम चैलेंजर्स के हिमेश को (21 गेंदों पर 35 रन और एक विकेट) प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग में भोजूबीर ब्लास्टर ने 24 रन से दर्ज की शानदार जीत







**बनारस।** बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) में छठवें दिन शुक्रवार को काशी नाइट्स और भोजूबीर ब्लास्टर के बीच रोहनिया के डालिम्स सनबीम स्कूल के मैदान पर टी-10 कैनवास क्रिकेट खेला गया। भोजूबीर ब्लास्टर्स के बल्लेबाज आशी के 29 रन की बदौलत काशी नाइट्स को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। भोजूबीर ब्लास्टर्स की टीम ने कमाल का क्षेत्ररक्षण किया। काशी नाइट्स के तीन बल्लेबाज तीन रन बनाने में रनआउट हो गए।

पहले बल्लेबाजी कर भोजूबीर ब्लास्टर्स ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 82 रन बनाए। आशीष प्रताप ने 14 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम को मजबूती दिलाई। जवाब में काशी नाइट्स की शुरूआत खराब रही। शुभम ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर अमन को आउट कर दिया।

दूसरे ओवर सुधीर ने आकाश को क्लीन बोल्ड कर दिया। भोजूबीर ब्लास्टर्स की गेंदबाजी के आगे काशी नाइट्स के बल्लेबाज ज्यादा देर तक नहीं टिक सके। विकेटों के बीच समन्वय की कमी के चलते आदित्य शून्य, रवि दो रन और शुभम एक रन बनाकर रन आउट हो गए।

पूरी टीम 9.2 ओवर में 58 रन पर ऑलआउट हो गई। भोजूबीर के आशीष प्रताप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आकाश चौधरी बनारसी भौकाल और अमन बनारसी नाम से सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजन सचिव माहिर मधोक ने किया। संचालन डालिम्स सनबीम के सौरभ यादव ने किया।

बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग में बनारस के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर खेल रहे हैं। यह लीग कैनवास बॉल से 10-10 ओवर की खेली जा रही है। प्रतियोगिता में छह टीमों के 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। समापन 5 जून को होगा।

प्रादेशिक मुक्केबाजी के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल शुक्रवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में लिया गया। चयनित खिलाड़ी रविवार को मंडलीय टीम के लिए सिगरा स्टेडियम में ट्रायल देंगे। मुक्केबाजी संघ ने ट्रायल के बाद जिले की टीम घोषित कर दी है।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि प्रदेशस्तरीय समन्वय अंडर-17 जूनियर बालक-बालिका मुक्केबाजी झांसी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जाएगी। चयन ट्रायल में 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 13 का चयन मंडलीय के लिए हुआ। कोच दीपिका तिवारी ने बताया कि मंडलीय टीम का चयन 31 मई को सुबह नौ बजे से सिगरा स्टेडियम में होगा। अंतिम रूप से चयनित टीम झांसी में प्रादेशिक जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से आयोजित मासिक शिविर में शुक्रवार को बैडमिंटन में खिलाड़ियों को फुटवर्क और शॉर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक प्रो. राजीव सिंह ने बताया कि डॉ. विभुति नारायण सिंह इंडोर हॉल में 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में अलग-अलग कोच 9 खेलों की बारीकियां सिखा रहे हैं। महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर 15 मई से 15 जून तक लगेगा। 17वीं ओलंपियन विवेक सिंह प्राइजमनी हॉकी शिवपुर मिनी स्टेडियम में खेली जाएगी। अखिल भारतीय सेवन-ए साइड सांध्यकालीन हॉकी 2 से 7 जून तक है। ओलंपियन राहुल सिंह ने बताया कि 20 टीमों के खिलाड़ी खेलेंगे। टीमों को शिवपुर स्टेडियम के आसपास के होटलों में ठहराया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह प्रतियोगिता नॉकआउट के आधार पर खेली जाएगी। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीजी जोन पीयूष मोडिया करेंगे।

प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सीनियर वर्ग की तैराकी टीम शुक्रवार शाम लखनऊ रवाना हो गई। आरएसओ विमला सिंह ने बताया कि प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में 31 मई से 1 जून तक होगी।

### 40 तैराकों को फ्लोटिंग और लेग आर्म के बारे में बताया

एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से परमानंदपुर के तालाब में शुक्रवार शाम खिलाड़ियों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया गया। पहले दिन वरिष्ठ एनआईएस कोच चंद्रशेखर तुलस्यान ने 40 खिलाड़ियों को फ्लोटिंग और लेग आर्म की जानकारी दी। शिविर का आगाज कर एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि गांव के तालाब से भी तैराकी के लिए बच्चे निकल सकते हैं। आने वाले दिनों में यहां से खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। तैराकों को फ्री स्टाइल और बैक स्ट्रोक की जानकारी देने के साथ अभ्यास कराया गया। वहीं, वाराणसी में तीन स्वीमिंग पूल हैं, लेकिन एक भी ऑल वेदर पूल नहीं है। इस वजह से काशी के तैराक सिर्फ अप्रैल से सितंबर तक ही अभ्यास कर पाते हैं। काशी में सबसे बड़ा ओपन पूल काशी हिंदू विश्वविद्यालय जबकि सिगरा में ओलंपिक साइज का पूल और बरेका में स्वीमिंग पूल है।

# मानसून से पहले गाजियाबाद प्रशासन का बड़ा फैसला, निगम ने अधिकारियों को दिए ये सख्त निर्देश



**गाजियाबाद।** मानसून में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए शहरी क्षेत्र में छोटे-बड़े नालों को साफ कराया जा रहा है। निगम अधिकारियों का दावा है कि 80 फीसदी नालों की सफाई का काम पूरा हो गया है।

20 फीसदी नालों की सफाई 15 दिन में पूरी करनी होगी। नालों की सफाई अभियान की ड्रोन से फोटोग्राफी भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि 15 जून से पहले नालों की सफाई का काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए ड्रोन फोटोग्राफी कराई जा रही है।

प्रतिदिन नालों की सफाई के लिए रिपोर्ट अधिकारियों से ली जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने क्विक रेस्पांस टीम (क्यूआरटी) का गठन भी किया है। मुख्यालय पर शिकायत मिलने के बाद क्यूआरटी नालों की सफाई में सहयोग करेगी।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि कविनगर जोन के तहत एएलटी से होते हुए हापुड़ चुंगी, डायमंड फ्लाईओवर, विवेकानंदनगर के नालों की सफाई 10 भागों में कराई गई है। सिटी जोन में प्रताप विहार से साईं उपवन तक के नालों की सफाई तीन भागों में की गई है।

इसी तरह से पांचों जोन में कुछ बड़े नालों की सफाई का काम पूरा हो गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि बड़े नालों की सफाई का काम चल रहा है। बड़े नालों की सफाई का काम अनुबंधित फर्म कर रही है जबकि शहरी क्षेत्र में निगम अपनी मशीनों से सफाई करा रहा है।

सिल्ट उठाने के लिए सूखने का इंतजार नालों की सफाई के बाद सड़क पर बिखरी सिल्ट को नहीं उठाने की शिकायतें विभाग को मिल रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि सिटी को तीन से चार दिन सूखने के बाद उठाया जाता है। इसके निस्तारण के लिए निगम अपनी अनुबंधित भूमि पर गड्ढा कराता है।

# हापुड़ में अवैध कीटनाशक का भंडार पकड़ा गया

## 48 बैग फटेरा समेत कई कंपनियों के खाली बैग जब्त



**हापुड ।** हापुड़ के गांव दोयमी में कृषि विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मकान में छापेमारी की। यहां बिना लाइसेंस कृषि रसायन रखे जाने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके से भारी मात्रा में कीटनाशक बरामद किया है।

कृषि विभाग की टीम ने तीन कीटनाशक दवाओं का सैंपल लेकर प्रयोग शाला भेजा है। जिला कृषि अधिकारी ने दो लोगों के खिलाफ थाना हापुड़ देहात में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र में गन्ना और सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर होती है। इस समय किसानों को कीटनाशकों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है।

### नामी कंपनियों को कीटनाशक बेचा जा रहा

सूचना मिली थी कि दोयमी में अवैध तरीके से नामी कंपनियों को कीटनाशक बेचा जा रहा है। इसे हापुड़ समेत कई जिलों में खपाने की योजना थी। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, तहसीलदार प्रवीण कुमार और थाना देहात के निरीक्षक मनोज कुमार बालियान की टीम ने कार्रवाई की।

छापेमारी में एफएमसी कंपनी फटेरा के 48 बैग मिले। साथ ही रीजेक्ट बायर कंपनी के 3 बैग, फ्यूराडान के 48 खाली बैग बरामद हुए। वर्टिगो कंपनी के 7, सागरिका कंपनी के 16 और नैचुरल पोटाश इफको के 8 खाली बैग भी मिले। मौके से सिलाई मशीन, तराजू और चिपकाने की मशीन भी जब्त की गई।

# मोदीनगर में अतिक्रमण: हरमुखपुरी कॉलोनी के लोगों ने नगर पालिका कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**मोदीनगर।** मोदीनगर की हरमुखपुरी कॉलोनी में अतिक्रमण की समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन किया। विवेक मलिक के नेतृत्व में दर्जनों लोग कार्यालय पहुंचे।

विवेक मलिक ने बताया कि कुछ दबंग लोगों ने कॉलोनी में अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। अतिक्रमण हटाने की मांग करने पर दबंग लोग धमकी देते हैं।

कार्यालय में कोई वरिष्ठ अधिकारी न मिलने पर लोगों ने मुख्य गेट पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

स्थिति को देखते हुए अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही कॉलोनी में सर्वे के लिए पालिका की टीम भेजी जाएगी। अतिक्रमण पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली चोरी को लेकर विद्युत निगम ने चलाया विशेष अभियान, 100 से अधिक उपभोक्ताओं पर केस दर्ज



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले के हर जोन में विद्युत निगम ने उच्च लाइन लास वाले पांच फीडरों पर बिजली चोरी पर लगाम कसने के लिए बिजली चोरी रोको अभियान शुरू किया है। यह विशेष चेकिंग अभियान 19 मई से शुरू किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य उन फीडरों पर बिजली चोरी को रोकना है, जहां राजस्व हानि अधिक हो रही है।

विद्युत निगम के मुताबिक बिजली चोरी रोको अभियान में जोन-एक के कालकागड़ी, नेहरूनगर, अंबेडकर कालोनी, पंचवटी और मिजार्पुर फीडरों पर अभी तक बिजली चोरी करते पाए गए नौ उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। वहीं छह उपभोक्ताओं की 13 किलोवाट भार की वृद्धि की गई है। वहीं जोन-दो में कलछीना, डासना देहात, बेहटा हाजीपुर फीडरों पर 99 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई है।

निगम की टीमें सुबह से लेकर देर शाम तक गहन जांच कर रही

693 उपभोक्ताओं के लोड बढ़े हुए पाए जाने पर भार की वृद्धि की गई है। इस अभियान में निगम की टीमें सुबह से लेकर देर शाम तक गहन जांच कर रही है। चेकिंग के दौरान यदि किसी उपभोक्ता के परिसर में कटिया डालकर बिजली चोरी पाई जाती है या विद्युत मीटर में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ मिलती है, तो संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से कुछ क्षेत्रों में बिजली चोरी आम बात हो गई है। जिससे न केवल विभाग को राजस्व की हानि हो रही है। बल्कि वैध उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय पुलिस की मदद भी ली जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में शराब की दुकान पर हंगामा:10 रुपये ज्यादा वसूलने पर आबकारी इंस्पेक्टर ने सेल्समैन को पीटा



**नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा में शराब की बोतल पर अधिक कीमत वसूलने के आरोप में एक सेल्समैन को आबकारी इंस्पेक्टर ने कथित तौर पर पीटा। पीड़ित सेल्समैन महेश कुमार जगत फार्म स्थित मॉडर्न शॉप में काम करता है।

आरोप है कि शुक्रवार रात आबकारी इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने दुकान पर आकर महेश को लाठियों से पीटा। इसके बाद उसे डेल्टा स्थित कार्यालय ले गए। वहां जबरन शराब पिलाकर मारपीट की। इस हमले में महेश के पैर और पेट में गंभीर चोटें आईं।

महेश का आरोप है कि आबकारी विभाग के कर्मचारी अक्सर उगाही के लिए दुकान पर आते हैं। वे मारपीट की धमकी देते हैं। पैसे न देने पर हिंसा करते हैं।

शनिवार को पीड़ित के परिवार ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए।

# हापुड़ में पति ने बिना तलाक दिए की दूसरी शादी:पहली पत्नी ने एपसी से की शिकायत, बोली- बच्चा न होने पर छोड़ा



**हापुड़ ।** हापुड़ के गांव असौड़ा की एक महिला ने अपने पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक महिला की शादी 16 अप्रैल 2012 में दिल्ली के कृष्णा नगर के खुरैजी खास निवासी वसीम से हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद से ही सास और पति उसे प्रताड़ित करने लगे। खाना ठीक न बनाने का आरोप लगाते। दहेज की मांग करते और शराब पीकर मारपीट करते।

26 अप्रैल 2025 को पति ने महिला के साथ मारपीट की। इस दौरान उसके अंगूठे में चोट आई। पीड़िता के भाई उसे मायके ले आए। एक महीने तक ससुराल पक्ष के लोग उसे लेने नहीं आए। जब महिला के परिजनों ने फोन किया तो उन्होंने साफ मना कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने बिना सूचना दिए दूसरी शादी कर ली। महिला के मुताबिक, कई सालों तक बच्चा न होने के कारण ससुराल वाले पति की दूसरी शादी की बात करते थे। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में ऑटो-ई रिक्शा पर कार्रवाई:ड्राइविंग सीट पर सवारी बिठाने वालों के वाहन होंगे सीज



**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइविंग सीट पर सवारी बिठाकर चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब ऐसे वाहनों का चालान काट रही है और उन्हें सीज भी कर रही है।

एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद राय के अनुसार, पुलिस ने 8 मई से पहले एक जागरूकता अभियान चलाया था। इस दौरान चालकों को समझाया गया कि ड्राइविंग सीट पर सवारी बिठाना सड़क सुरक्षा के लिए खतरनाक है।

पुलिस का कहना है कि ड्राइविंग सीट पर अतिरिक्त सवारी बिठाने से चालक का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है।

ट्रैफिक पुलिस पहले जागरूकता फैला चुकी है। अब नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई का समय है। पुलिस का उद्देश्य सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है

# ग्रेटर नोएडा में पड़ोसी पर गंभीर आरोप रंजिश में पालतू कुत्ते को जहर देकर मारा



**नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पड़ोसी पर पालतू कुत्ते की हत्या का आरोप लगा है। रामपुर खादर गांव की रहने वाली शीला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

शीला का कहना है कि उनका पड़ोसी से पहले से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को उनका पालतू कुत्ता पड़ोसी के घर गया था। जब कुत्ता वापस आया तो उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। कुछ देर बाद कुत्ते की मौत हो गई।

पीड़िता का आरोप है कि पड़ोसी ने रंजिश के कारण उनके कुत्ते को जहरीला पदार्थ खिला दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कुत्ते के शव का पंचनामा करा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

# नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, हापुड़ में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर दो पर केस




**हापुड़।** उत्तराखंड की एक महिला के साथ हापुड़ में दो लोगों ने दुष्कर्म किया। आरोपियों ने होटल में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। पीड़िता देहरादून की रहने वाली है। वह तीन बच्चों की मां है और दो साल से पति से अलग रह रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

दरअसल, फरवरी में कुंभ मेले में पीड़िता की मुलाकात आनंद दुबे से हुई थी। आनंद ने खुद को होटल मालिक बताया। उसने महिला को 15 हजार रुपये महीने की नौकरी और रहने-खाने की सुविधा का वादा किया। 11 मई को विशेष गर्ग नाम का व्यक्ति पीड़िता के घर पहुंचा।

उसने बताया कि आनंद ने उसे भेजा है। 12 मई को पीड़िता विशेष के साथ हापुड़ आई। यहां विशेष ने उसे एक दोस्त के ऑफिस में बिठाया। दोपहर में आनंद और विशेष ने पीड़िता को कार में बिठाया। दोनों ने जबरन शराब पिलाई। नशे में बेहोश होने पर दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को फोन करने की कोशिश की। आरोपियों ने उसका फोन बंद कर दिया।

इसके बाद दोनों आरोपी पीड़िता को रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास कार से फेंककर फरार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।




# थानों में लगेगी आज अपराधियों की क्लास

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार पुलिसिंग को बेहतर बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर नए प्लान और तैयारी की जा रही हैं। इन सबके बीच सुनने में आया है कि एक बार फिर रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन से लेकर देहात और नदिया पार के थानों में अपराधियों की क्लास लगेगी। इस क्लास में पुलिसकर्मी इन अपराधियों का डोर्जियर भरने का काम करेंगे। इसके साथ ही इनको अपराध और आपराधिक वारदातों से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। वहीं इनका पूरे तरीके से सत्यापन भी किया जाएगा। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद से पुलिस की बीट व्यवस्था दुरुस्त की गई है। तो वहीं पुलिस भी लगातार नए प्रयोग कर रही है ताकि अपराध नियंत्रण हो और पुलिस की छवि बेहतर प्रदर्शित हो सके। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि रविवार को थानों में होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी द्वारा उनके क्षेत्र में रहने वाले आपराधिक छवि के लोगों को थाने पर बुलाया गया है। इसमें हिस्ट्री शीटर से लेकर उनके फार्म भरवा जाएंगे। वहीं झपटमारों से लेकर चोरों की भी गणना होगी। उनका पूरा विवरण लिया जाएगा। साथ ही साइन और फोटो भी एकत्रित किए जाएंगे। बताया जा रहा है यह सब पुलिस के एक नए अभियान के लिए किया जा रहा है। जिसका मकसद अपराध नियंत्रण और अपराधियों की आदतन प्रवृत्ति को बदलना है। कुल मिलाकर देखना होगा कि रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम में देहात के इन दिनों सबसे चर्चित थानाक्षेत्र में कितने बदमाश पहुंचते हैं। दरअसल जब से उस थानाक्षेत्र में पड़ोस वाले कमिश्नरेट के एक सिपाही की गोली मारकर हत्या की गई है। तब से इलाके के एक गांव की तरफ पुलिस की नजर टेढ़ी है। लगातार इनकाउंटर दबिश और पुलिस की निगरानी चल रही है। ऐसे में रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में आयोजित होने वाली पुलिस की इस क्लास में कितने अपराधी उपस्थित होंगे। यह भी बड़ा सवाल रहेगा, साथ ही चर्चा इस बात की भी हो रही है कि बीते दिनों दिन बदमाशों ने अपराध में शामिल न होने की शपथ ली थी। बीते दिनों उनमें से कई के एनकाउंटर वाले फोटो भी आए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध और अपराधियों की क्या स्थिति रहती है।




# गाजियाबाद की सोसाइटी में घुसकर फ्लैट मालिक को धमकी कहा- तूने हमारी शिकायत की, मैं 40 -50 साथियों के साथ तुझे पीटूंगा



**गाजियाबादकरंट क्राइम।** गाजियाबाद की सोसाइटी में घुसकर एक युवक ने पीटने की धमकी दी। कहा-तूने हमारी झुग्गी झोपड़ी की शिकायत की है। मैं 40 -50 साथियों के साथ तेरी पिटाई करने आया हूं। इसके बाद चला गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। ये मामला राकेश मार्ग के गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी का है।

गुलमोहर एनक्लेव निवासी गौरव बंसल ने थाना सिहानी गेट पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि जयराम नामक व्यक्ति ने उनके फ्लैट की वेल बजाई। घंटी की आवाज सुनकर जैसे ही गौरव अपने फ्लैट के गेट पर पहुंचे तभी जयराम ने गौरव के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी।

गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी थी। जयराम ने खुद को पास में ही झुग्गी झोपड़ी में रहने वाला बताया। कहा-तूने हमारी झुग्गी झोपड़ी की शिकायत की है। मैं 40 -50 साथियों के साथ तेरी पिटाई करने आया हूं। आरोपी ने गौरव को बाहर निकलने पर पीटने की धमकी भी दी।

**पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हुआ :** पीड़ित गौरव ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पीड़ित ने अपनी और अपने परिवार की जान का खतरा जताया है। सोसायटी में ही सब्जी की दुकान करने वाले सब्जी विक्रेता पर उसके घर भेजकर अभद्रता करवाने का आरोप लगाया है। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है।

एसएचओ सिहानीगेट सचिन कुमार ने बताया कि प पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आकाश चड्ढा ने जीता मिस्टर दिल्ली का खिताब



**गाजियाबादकरंट क्राइम।** ट्रांसफॉर्मेशन मशीन के नाम पर अपनी पहचान बना चुके बॉडीबिल्डर आकाश चड्ढा ने रविवार को नई दिल्ली में हुए मिस्टर दिल्ली 2025 बॉडी बिल्डर शो में मिस्टर दिल्ली का खिताब अपने नाम कर लिया। इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन की ओर से दिल्ली में आयोजित मिस्टर दिल्ली 2025 प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग प्रदेशों के बॉडी बिल्डर ने हिस्सा लिया। आकाश चड्ढा ने 60 किलो वर्ग में मिस्टर दिल्ली का खिताब हासिल किया। आकाश चड्ढा ने कहा कि इस जीत में उनके परिवार एवं उनके बड़े भाई मनीष चड्ढा एवं शिक्षित चड्ढा ने बहुत सहयोग किया एवं उनके कोच आरिफ सैफी ने भी उन्हें बहुत सपोर्ट किया। मिस्टर दिल्ली बनने पर गाजियाबाद में जगह-जगह पर उनके चाहने वालों ने स्वागत किया।

# पाकिस्तान खुद जिम्मेदार सिंधु जल संधि को लेकर हम पर दोष न डालें, भारत की दो टूक

**दुशांबे।** यह बयान शुक्रवार को ताजिकिस्तान के दुशांबे में पहले संयुक्त राष्ट्र ग्लेशियर सम्मेलन में भारत के पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दिया।



### कीर्ति वर्धन सिंह ने की पाकिस्तान की निंदा

सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मंच का गलत इस्तेमाल करते हुए ऐसे मुद्दों को उठाया है जो इस सम्मेलन के दायरे में नहीं आते। हम इस प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि पर विचार करते समय अब परिस्थितियों में बड़े बदलाव हो चुके हैं, जैसे तकनीकी प्रगति, जनसंख्या में बदलाव, जलवायु परिवर्तन और सीमा पार आतंकवाद की निरंतर धमकी। सके साथ ही सिंह ने यह भी बताया कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया था कि इसे अच्छे विश्वास और मित्रता की भावना से लागू किया जाना चाहिए, और यही कारण है कि इसे सम्मानित करना जरूरी है। लेकिन पाकिस्तान की तरफ से निरंतर आतंकवाद फैलाने से संधि के अनुसार पानी के वितरण में भारत को कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद संधि का उल्लंघन कर रहा है, ऐसे में उसे यह आरोप भारत पर नहीं लगाना चाहिए।

इससे पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ग्लेशियर सम्मेलन में कहा था कि पाकिस्तान भारत को सिंधु जल संधि को निलंबित करने की अनुमति नहीं देगा, क्योंकि यह लाखों लोगों की जान के लिए खतरा हो सकता है। उन्होंने भारत के इस कदम को अवैध और एकतरफा करार दिया। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए थे, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल था।

**सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को खुली चेतावनी दी है। जहां भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि वह सिंधु जल संधि के उल्लंघन का दोष भारत पर मढ़ना बंद करे, क्योंकि पाकिस्तान की सीमा से हो रही निरंतर आतंकवादी गतिविधियां इस संधि के कार्यान्वयन में बाधा डाल रही हैं।**

# अफ्रीकी देश में बाढ़ से 111 लोगों की मौत, सूखाग्रस्त क्षेत्र में हुई भारी बारिश

**अबुजा।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से कम से कम 111 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि नाइजर राज्य के मोक्वा में बृहस्पतिवार रात हुई तेज बारिश के बाद बाढ़ आई। इस कस्बे में उत्तरी नाइजीरिया के किसान दक्षिण के व्यापारियों को अपना माल बेचते हैं, जो राजधानी अबुजा से करीब 300 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों ने बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़ने का अनुमान जताया है।



नाइजीरियाई जल विज्ञान सेवा एजेंसी ने तुरंत यह नहीं बताया कि मोका में कितनी बारिश हुई। यह क्षेत्र पहले से ही जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक बारिश के कारण लंबे समय से सूखे का सामना कर रहा है। इस सूखाग्रस्त क्षेत्र में तेज बारिश के बाद बाढ़ आ जाती है।

पानी में डूबे घरों की सिर्फ छतें दिखाई दीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में देखा गया कि बाढ़ का पानी पूरे इलाके में भर गया और घर डूब गए। बाढ़ में डूबे घरों की सिर्फ छतें दिखाई दीं। कमर तक पानी में डूबे लोगों ने अपने सामान और एक-दूसरे को बचाने की कोशिश की। मोक्वा निवासी काजीम मुहम्मद ने बताया कि हमने कई लोगों को खो दिया। हमारा सामान, फसलें और जिनके पास भंडारण था, सब कुछ बह गया। 111 लोगों के अलावा और भी शव मिले, गिनती होना बाकी नाइजर राज्य आपातकालीन एजेंसी के प्रवक्ता इब्राहीम औदु हुसैनी ने बताया कि अभी तक 111 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि और भी शव मिले हैं, जिनकी अभी गिनती होना बाकी है। मोक्वा समुदाय के नेता अलिकी मूसा ने बताया कि पहले भी बाढ़ आती थी, लेकिन यह मौसमी होती थी और नुकसान नहीं करती थी।

# बजट की कमी से जूझ रहा संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय संकट से निपटने के लिए करेगा 20 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र इन दिनों बड़े वित्तीय संकट से जूझ रहा है। सदस्य देशों की ओर से समय से बकाया भुगतान न किए जाने से संयुक्त राष्ट्र में बजट की कमी होने लगी है। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र के अफसरों ने अपने 60 से अधिक कार्यालयों, एजेंसियों और परिचालनों को कर्मचारियों में से 20 फीसदी की छंटनी करने के लिए कहा है। सभी को जून के मध्य तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि इस कटौती से नियमित बजट के अंतर्गत आने वाले लगभग 14,000 पद समेत लगभग 2,800 अन्य पद प्रभावित होंगे। इनमें संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक और मानवीय कार्यालयों के कर्मचारी और शरणार्थियों की मदद करने वाली, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली और अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यावरण और शहरों से निपटने वाली एजेंसियां शामिल हैं। इसके अजावा फलस्तीनी शरणार्थियों का समर्थन करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए भी इस सूची में है। दुजारिक ने कहा कि इन्हें प्रस्तावित 2026 बजट में शामिल किया जाएगा, जिसे दिसंबर में महासभा द्वारा अपनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र नियंत्रक चंद्रमौली रामनाथन ने प्रभावित एजेंसियों को भेजे पत्र में कहा है कि संयुक्त राष्ट्र के 3.72 अरब डॉलर के मौजूदा बजट में 15 से 20 प्रतिशत की कटौती की जानी है। कर्मचारियों की कटौती महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा शुरू की गई संयुक्त राष्ट्र 80 सुधार पहल का हिस्सा है। नियंत्रक ने अपने पत्र में एजेंसियों के प्रमुखों को सलाह दी है कि किन पदों में कटौती की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों का मूल्यांकन दक्षता के आधार पर करें, प्रभाव के आधार पर प्राथमिकता तय करें; एकीकरण या उन्मूलन के लिए अनावश्यक, अतिव्यापी या गैर-महत्वपूर्ण कार्यों या भूमिकाओं को लक्षित करें।



# शांति वार्ता को लेकर असमंजस के बीच रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किया हमला, एक बच्ची की मौत

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन के बीच शांतिवार्ता को लेकर असमंजस के बीच शनिवार को दोनों देशों एक दूसरे पर हमला किया। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि शनिवार को रूस की ओर से किए गए मिसाइल हमले में एक बच्ची की मौत हो गई। जबकि एक किशोर घायल हुआ। जबकि रूसी वायुसेना ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में 14 लोग घायल हो गए। नए हमलों के बाद इंस्ताबुल में रूस की ओर प्रस्तावित शांति वार्ता में यूक्रेनी राजनयिक के शामिल होने लेकर असमंजस बरकरार है।

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार को यूक्रेन में लगभग 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को हवाई सुरक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया। जबकि अन्य 30 ड्रोन बिना किसी नुकसान के अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके। जोपोरीज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरीज्जिया क्षेत्र के डोलिंका गांव में हुए हमले में एक नौ वर्षीय लड़की की मौत हो गई और 16 वर्षीय किशोर घायल हो गया। हमलों के एक घर नष्ट हो गया। साथ ही कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को नुकसान पहुंचा।



**यूक्रेन के हमले में 14 लोग घायल** : वहीं रूस ने यूक्रेन पर हमले का आरोप लगाया। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनश्टाइन ने बताया कि रूसी शहर रील्स्क और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आटाकोवो गांव में अपार्टमेंट इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में 14 लोग घायल हो गए। दोनों हमलों में चार बच्चे घायल हो गए और कई स्थानों पर आग भी लग गई।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सलाहकार आंद्रेई यरमक ने बताया कि वह सोमवार को इस्तांबुल में रूस के साथ सीधी शांति वार्ता फिर से शुरू करने को तैयार है। बातचीत से पहले रूस को अपनी शांति प्रस्ताव से जुड़ा मसौदा यूक्रेन को देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम रचनात्मक बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन जरूरी है कि रूस अपनी स्थिति स्पष्ट करे। अभी चार दिन हैं, जो दस्तावेज भेजने के लिए पर्याप्त समय है।

# मस्क और ट्रंप के रिश्तों पर डेमोक्रेट्स ने ली चुटकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी ने हाल ही में एक मजेदार और व्यंग्यात्मक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बिगड़ते रिश्ते को एक 'ब्रेकअप' की तरह दिखाया गया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर भावुक गाना 'द नाइट वी मेट' बज रहा है, जिससे यह वीडियो और भी ज्यादा नाटकीय और हास्यपूर्ण लग रहा है।



एक 'ड्रामा' की तरह पेश किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एलन मस्क और ट्रंप का रिश्ता धीरे-धीरे टूट गया। वीडियो में मस्क के सरकारी पद से अचानक हटने को एक 'ब्रेकअप' के तौर पर दिखाया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी का यह वीडियो न सिर्फ वायरल हो गया, बल्कि लोगों को हंसी के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर कर गया।

एलन मस्क ने छोड़ी सरकारी जिम्मेदारी ऐसे समय पर सामने आया है जब एलन मस्क ने अमेरिकी सरकार के सरकारी दक्षता विभाग में अपनी भूमिका छोड़ दी है। वह एक 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लॉई' के तौर पर काम कर रहे थे और उनका मकसद था सरकारी खर्चों को कम करना। लेकिन वह अपने वादों के मुताबिक बड़े बदलाव नहीं कर पाए। एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क का पद से हटना बुधवार रात से शुरू हो गया था और यह निर्णय वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ से लिया गया।

**ट्रंप ने की तारीफ, लेकिन अंदर से नाराजगी:** ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से मस्क की तारीफ की और कहा कि उन्होंने सरकारी खर्च घटाने की अच्छी कोशिश की। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, दोनों के बीच कुछ समय से तनाव था। मस्क ने हाल ही में ट्रंप के बड़े टैक्स सुधारों की आलोचना की थी और उन्हें 'बहुत महंगा' बताया था।

डेमोक्रेटिक पार्टी ने साधा निशाना डेमोक्रेटिक पार्टी ने इस वीडियो के जरिए एक तरह से मस्क और ट्रंप दोनों पर चुटकी ली है। वीडियो में दिखाया गया है कि जैसे यह कोई रोमांटिक रिश्ता था जो अब खत्म हो चुका है। म्यूजिक, क्लिपिंग और मोंटाज के जरिए इसे एक 'ब्रेकअप स्टोरी' का रूप दिया गया है।

# बीएलए के लड़ाकों ने सुराब शहर पर किया हमला बैंक लूटा, कई अधिकारियों के घरों में लगाई आग

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान से आजादी मांग रही बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान के सुराब शहर पर हमला किया। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। बीएलए के लड़ाकों ने एक वाणिज्यिक बैंक को लूट लिया। साथ ही कई अफसरों के घर में आग लगा दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीएलए ने दावा किया है कि उसने सुराब शहर पर कब्जा कर लिया। उन्होंने एक बैंक, लेवी स्टेशन और पुलिस स्टेशन पर कब्जे का दावा किया। क्वेटा-कराची और सुराब -गिदर राजमार्ग पर गश्त की जा रही है।



पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के सशस्त्र हमलावरों ने खुजदार जिले के सुराब शहर पर हमला किया। उन्होंने एक वाणिज्यिक बैंक को लूट लिया। हमलावरों ने अतिरिक्त उपायुक्त हिदायत बुलेदी के घर पर हमला किया। इसमें हिदायत बुलेदी की मौत हो गई। घटना के बाद फ्रंटियर कोर, पुलिस और लेवी सहित सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। क्वेटा के कमिश्नर हमजा शफकत ने भी डिप्टी कमिश्नर बुलेदी की मौत की पुष्टि की।

बीएलए ने ली बलूचिस्तान में 39 हमलों की जिम्मेदारी इससे पहले बलूच लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान में 39 अलग-अलग जगहों पर समन्वित हमले करने की जिम्मेदारी ली थी। बीएलए ने दावा किया था कि उन्होंने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी कर दी है। बलूचिस्तान में लंबे समय से आजादी की मांग करने वाले अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं। कई वर्षों से चल रहे संघर्ष के कारण यहां बहुत से लोग मारे गए हैं। इसके अलावा, इन संघर्षों के चलते बहुत लोग विस्थापित भी हुए हैं।

### बलूच लोगों की आजादी चाहता है बीएलए

दरअसल, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित एक हथियारबंद अलगाववादी समूह है, जो बलूच लोगों के लिए आजादी चाहता है। बीएलए का आरोप है।

कि पाकिस्तान सरकार बलूच

# लातविया से स्पेन रवाना हुई कनिमोझी की टीम बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा का पाकिस्तान पर हमला

**सिएरा।** भारत नवाचार के साथ युवाओं को सशक्त बनाता है, पाकिस्तान उन्हें नफरत के साथ कट्टरपंथी बनाता है। भारत जीवन बचाने के लिए डॉक्टर भेजता है, पाकिस्तान जीवन लेने के लिए आतंकवादियों को भेजता है। भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वच्छ ऊर्जा में निवेश करता है, पाकिस्तान हथियारों और गोला-बारूद में निवेश करता है। भारत लोकतंत्र को मजबूत करता है, पाकिस्तान तानाशाहों और आतंकवादियों को पनाह देता है। भारत कूटनीति के माध्यम से दिल जीतता है, पाकिस्तान अंधेरे में हमलों की साजिश रचता है'।



अफ्रीकी संघ की शांति और सुरक्षा परिषद से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात इथियोपिया में एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सूले के नेतृत्व में ग्रुप-सात के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने अदीस अबाबा में एयू मुख्यालय में अफ्रीकी संघ की शांति और सुरक्षा परिषद के साथ मुलाकात और बातचीत की।

### मलयेशिया रवाना हुए संजय झा की टीम

इंडोनेशिया की यात्रा समाप्त करने के बाद जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मलयेशिया के लिए रवाना हुआ। जकार्ता से आए भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य राजस्थान के पुनीत बक्शी ने कहा कि आज युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि सूचना का भी है। भारत सरकार के लिए पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही झूठी कहानी को स्पष्ट करना बहुत महत्वपूर्ण था और उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से अपना उद्देश्य प्राप्त कर लिया है, जिसने हमारे सभी संदेहों को दूर कर दिया है

कोलंबिया के बोगोटा में भाजपा सांसद शशांक मणि कहते हैं कि जब 26/11 हुआ और मुंबई में 173 नागरिकों की निर्मम हत्या की गई, मैं उस शहर में था। अगर हम पूरी दुनिया के रूप में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं, तो यह जारी रहेगा। आज और कल की बैठक में हमने दोनों देशों के बीच जबरदस्त संस्कृति और सौहार्द देखा।

फ्रीटाउन में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान जैसे देशों का सवाल है, वे आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश हैं।

**सिएरा लियोन में बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा, 'भारत उपग्रहों का प्रक्षेपण करता है, पाकिस्तान आत्मघाती हमलावरों का प्रक्षेपण करता है। भारत सॉफ़्टवेयर निर्यात करता है, पाकिस्तान आतंक का निर्यात करता है। भारत विश्वविद्यालय बनाता है, पाकिस्तान उग्रवाद को बढ़ावा देता है**

# सलमान खुर्शीद ने खोली पाकिस्तान की पोल

**जकार्ता।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पड़ोसी मुल्क की पोल खोली। बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने पर वह पाकिस्तान पर खूब भड़के। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। इससे साफ है कि पाकिस्तान में किसी का नियंत्रण नहीं है।



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सलमान खुर्शीद ने कहा कि पाकिस्तान में अराजकता कायम है। सेना के भीतरी गुटों में सत्ता के लिए होड़ और सरकार के नियंत्रण की कमी है। उन्होंने कहा कि सीमा पार और नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी कम से कम तीन या चार घंटे तक जारी रही। एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान में कोई भी नियंत्रण में नहीं है। नागरिक सरकार नियंत्रण में नहीं दिखती। सेना के भीतरी गुट शक्तिशाली बनने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं। फिर भी हमने संयम और धैर्य दिखाया।

खुर्शीद ने कहा कि जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शत्रुता समाप्त करने का अनुरोध किया तो भारत ने अपनी कार्रवाई रोक दी। भारत ने आगे और हमले करने से परहेज किया। उन्होंने इन दावों को पूरी तरह से बकवास बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह कहना पूरी तरह से बकवास है कि हमने पाकिस्तान को पहले बुलाया।

उन्होंने कहा कि हमने उन्हें पहले क्यों बुलाया? कॉल किए जाने के समय कौन रिसीव कर रहा था? यह सभी के लिए स्पष्ट है कि कॉल पाकिस्तान के डीजीएमओ से भारत के डीजीएमओ को आई थी। हमने तब रोका जब उन्होंने कहा चलो रुकें। इसके बाद हमने उन पर कोई और हमला नहीं किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत महान बन रहा है। कोई भी हमें विचलित नहीं कर सकता या हमारे इस मार्ग में बाधा नहीं डाल सकता। इसलिए हमारे लिए अपनी ताकत दिखाना महत्वपूर्ण है। खुर्शीद ने पाकिस्तान से आतंकवाद छोड़ने की भारत की मांग को समझने की बात कही।

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान में थोड़ी भी समझदारी है, तो वे हमारी एकमात्र मांग को समझे कि आतंकवाद छोड़ो। मेरे कुछ साथी सत्ताधारी पार्टी से नहीं हैं। सत्ताधारी पार्टी अकेले ही यह संदेश देने आ सकती थी, लेकिन वे भारत का संदेश देने के लिए हमारे साथ आए। हालांकि, दुख की बात है कि भारत से हमें यह सुनने को नहीं मिला। कोई कह रहा है कि वह भाजपा या कांग्रेस का समर्थन कर रहा है, लेकिन मुझे गर्व है कि हम यहां एक साथ हैं क्योंकि हम एक-दूसरे की पार्टियों का समर्थन नहीं कर रहे हैं, हम भारत के एक साधारण विचार का समर्थन कर रहे हैं।

### प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट 2025

# टूर्नामेंट के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले रहे अत्यंत रोमांचक

## विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सुनील शर्मा एवं डॉ. पीएन अरोड़ा ने सम्मानित किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शनिवार को आयोजित प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट 2025 का समापन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट के तीसरे और अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा।

समारोह के मुख्य अतिथि सुनील शर्मा, माननीय मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पी. एन. अरोड़ा चेयरमैन, यशोदा ग्रुप; अंजुल अग्रवाल, वाइस चांसलर, एचआरआईटी यूनिवर्सिटी एवं सतीश शर्मा। समापन समारोह की अध्यक्षता ललित जैसवाल, अध्यक्ष, गजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन ने की।

बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धी रहे। खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहते हुए पूरे जोश और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। टूर्नामेंट की सफलता में खिलाड़ियों के साथ-साथ



आयोजन समिति और दर्शकों का भी विशेष योगदान रहा।

### फाइनल विजेताओं की सूची

बालक वर्ग सिंगल्स: विजेता: शार्दूल खत्री कानपुर, उपविजेता: कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ।

**बालक वर्ग डबल्स: विजेता: कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ एवं शिवेश गुप्ता, उपविजेता: शार्दूल खत्री कानपुर एवं कंदर्प खत्री कानपुर।**

बालिका वर्ग सिंगल्स: विजेता: वन्या चौधरी नोएडा, उपविजेता: गर्विता त्रिपाठी मेरठ।

### विजेता खिलाड़ियों को एक लाख रुपये पुरुस्कार राशि के रूप में दिए गए

करंट क्राइम। प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी अजय सिंह ने टूर्नामेंट की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे संगठित और सफल प्रतियोगिता बताया। उन्होंने सभी आयोजकों, कोचों और तकनीकी अधिकारियों का धन्यवाद किया। आयोजन समिति के टेक्निकल चेयरमैन अमित शर्मा की देखरेख में टूर्नामेंट का संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विजेता खिलाड़ियों को 100000/- रुपये पुरुस्कार राशि के रूप में दिए गए। अन्य गणमान्य जो उपस्थित रहे बी एल बत्रा, राजीव मालिक, अतुल कुमार, दिवांशु सिंघल, सुमित कुमार, गिरीश चौहान, दिशा यादव, हर्षित आदि । सभी निर्णायक मंडल को प्रशस्ति पत्र एव स्मृति चिन्ह देकर सुनील शर्मा एवं डॉ. पी एन अरोरा जी ने सम्मानित किया।

**बालिका वर्ग डबल्स: विजेता : गर्विता एवं वन्या नोएडा, उपविजेता: प्रियंका जैसवाल एवं उर्वशी वाराणसी।**

### शोक संवेदना





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महामहिम राज्यपाल मिजोरम जनरल वी. के. सिंह शनिवार को अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी के भतीजे, पार्षद रवि भाटी के छोटे भाई की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर निवास स्थान शालीमार गार्डन मैन साहिबाबाद गाजियाबाद मे शोक व्यक्त करने पहुंचे। राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने इस दुखद घड़ी में परिवारजनों के बीच अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और स्वर्गीय ललित भाटी पुत्र अजयचंद भाटी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ में उनकी पुत्री मृणालिनी भी इस दुखद समय में परिवार को सांत्वना देने पहुंची।

### श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का छठा दिन

# आचार्य मनोज अवस्थी ने भगवान कृष्ण की अद्भुत चर्चा का श्रवण कराया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जय श्रीराधे शुक्रताल के सुखदेव आश्रम प्रतिक्षानंद भवन में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस में अंतरराष्ट्रीय कथाकार व समाज सुधारक आचार्य मनोज अवस्थी ने योगेश्वर भगवान कृष्ण की अद्भुत चर्चा का श्रवण कराया। जिस प्रकार से बृज की गोपियों का मनोरथ पूर्ण करने के लिए उनके साथ महारास रचाया। महारास के पांच अध्याय में पूज्य व्यास महाराज ने बताया कि यह पांच अध्याय साक्षात भागवत के प्राण हैं। जिस प्रकार से बड़ी सुंदर सब्जियां बनी हो उनमें नमक ना हो तो सब व्यर्थ है, उसी प्रकार से पांच अध्याय यह साक्षात ठाकुर के प्राण हैं। उसके उपरांत भगवान कृष्ण और बलराम का वृंदावन से मथुरा की ओर मेला देखने जाना वहां पर अखाड़े में चारों चारुन मुष्टिक प्रणंत करना और भगवान कृष्ण के द्वारा अपने मामा कंस का उद्धार करना इसके बाद उद्धव गोपी संवाद प्रेम की परिभाषा का चित्रण करना। भगवान कृष्ण के द्वारा द्वारिका पुरी का निर्माण करना और बलराम का विवाह रेवती माता से हुआ और कथा के अंत में साक्षात भगवान कृष्ण एवं मां रुक्मणी का विवाह उत्सव हुआ। सभी भक्तों ने कृष्ण एवं मां रुक्मणी की पूजा की। माता ने श्रृंगार की सामग्री वस्त्र आदि अपने सुहाग की रक्षा के लिए अर्पित किए।

इस मौके पर परीक्षित सुरेश चंद्र त्रिपाठी उनके तीनों पुत्र योगेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, देवेश त्रिपाठी व समस्त त्रिपाठी परिवार मौजूद रहा। कथा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत सह कार्यवाहक सेवा दास, विनोद सहित संघ एवं विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं अशोक कंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाण, राजेश्वर प्रसाद, ओमेंद्र कसाना, अरविंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का आनंद लिया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती पर निशुल्क स्वास्थ शिविर और कोरोना वायरस जागरूकता अभियान का किया आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लीलावती फाउंडेशन सोसाइटी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य मे बॉर्डर भारत नगर स्थित शिक्षण संस्था लीलावती पब्लिक स्कूल में निशुल्क स्वास्थ शिविर और कोरोना वायरस जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में लोगों को कोरोना से बचाव के उपाय बताने के साथ- साथ निशुल्क मास्क और ग्लव्स आदि का मुफ्त वितरण भी किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में लीलावती फाउंडेशन सोसाइटी के डायरेक्टर संजय बग्गा, प्रधानाचार्य नीरू बग्गा, उप प्रधानाचार्य डॉ नितिका सिंह, अध्यापिकाएँ कावेरी, शगुन, रीना, मनु, कीर्ति, लता, आँचल, गुड़िया, आस्था, मोनिका सोनी, कनुप्रिया मोनिका, प्रीति, प्राची उपस्थित रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम टीम गाजियाबाद और यूएनएचडब्लू अस्पताल गाजियाबाद भुड़ भारत नगर की टीम द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया।

## सपा प्रतिनिधि मंडल ने की पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

### नाहल की घटना को लेकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और अन्य पदाधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने नाहल गांव में हुई घटना व क्षेत्र वासियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को निष्पक्ष कराने की मांग की गई है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि जिस तरीके से नाहल गांव में वांछित अपराधी को पकड़ने गई टीम में पुलिस सिपाही शहीद हो गया था, समाजवादी पार्टी सिपाही को नमन करती है। साथ ही संवेदना व्यक्त करती है और सदैव कानून के साथ खड़ी है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा है कि इस पूरे मामले में पुलिस बेगुनाह लोगों को जेल ना भेजें। साथ ही जिस तरीके का गांव में माहौल है उसे बदलने की आवश्यकता है। किसी भी निर्दोष व्यक्ति के कहने या भड़काने पर उन्हें जेल ना भेजा जाए।

### गांव के लोगों में है डर का माहौल

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन एडवोकेट का कहना है कि पुलिस प्रशासन से मांग है कि सभी की निष्पक्ष जांच करें और निर्दोष लोगों के खिलाफ बिल्कुल भी कार्रवाई न की जाए। घटना के बाद से पूरे गांव क्षेत्र में भय का माहौल है। स्थानीय लोग पुलिस कार्रवाई के बाद से पलायन करने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में स्थानीय पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन संवेदनशील रवैया अपनाते हुए गांव व क्षेत्र वासियों से संवाद स्थापित करें ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी भरोसा दिया है कि इस पूरी कार्रवाई में केवल अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर ही नकेल कसी जा रही है।

# विजयनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रताप विहार में पीडीए पंचायत आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रताप विहार में शुक्रवार को राजवीर सिंह गौतम अध्यक्ष एससी-एसटी प्रकोष्ठ के आवास पर पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विनोद सविता प्रभारी विधानसभा गाजियाबाद, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी एडवोकेट विशाल वर्मा, राजन कश्यप, अंशुल ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, मदनपाल गौतम एससी एसटी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव, विमल जाटव प्रदेश सचिव मजदूर सभा, डॉ सीपी सिंह, सतीश कुमार, चरण दास, रमेश चंद, संजय गौतम और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता छत्रपाल ने की। कार्यक्रम का संचालन राजन कश्यप के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य सुखपाल, फोटोग्राफर डॉ. रामनिवास, हरलाल, जय भगवान यादव, भोलाराम, प्रभाकर, भारत, संजय गौतम और अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक प्रत्याशी विशाल वर्मा ने कहा कि खासतौर पर भारत में हजारों वर्षों से सामाजिक असामनता कायम है। भाजपा और आरएसएस की सरकार में पीडीए का हक मारा जा रहा है, वहीं संविधान की मूल भावना के विरोध में काम हो रहा है। आरक्षण पर संकट गहराता जा रहा है। नौकरियों का निजीकरण किया जा रहा है। ऐसे में बहुजन समाज की जिम्मेदारी बनती है कि समाज को शोषण मुक्त बनाने की लड़ाई में आगे आकर लड़े। दबे-कुचले समाज की पहली प्राथमिकता शिक्षा होनी चाहिए। शिक्षा के बल पर हम बदलाव ला सकते हैं। सिर्फ अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश मे बदलाव ला सकते हैं, विकास की, रोजगार की लहर ला सकते है। अगर अपने बच्चों का भविष्य सही करना है तो 2027 में अखिलेश यादव की सरकार मतलब पीडीए को बहुमत से विजयी बनाना पड़ेगा।

### मैगी लेने गई 13 साल की बच्ची के साथ दुकानदार ने की छेड़छाड़

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में दुकान से मैगी लेने गई 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुकानदार द्वारा छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। एक कालोनी के व्यक्ति कामगार हैं। उनकी 13 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। वह शनिवार दोपहर पड़ोस में ही दुकान से मैगी लेने गई थी। काफी देर तक नहीं लौटी तो बड़ी बहन उसे खोजने के लिए गई। जब वह दुकान पर पहुंची तो आरोपित दुकानदार किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। विरोध करने पर आरोपित ने दोनों बहनों के साथ गाली-गलौज की। किसी से भी इस बारे में बताने पर हत्या की धमकी दी। घर आकर उन्होंने स्वजन को आपबीती सुनाई। मामले में एसीपी मोदीनगर का कहना है कि किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी।


* रस्म पगड़ी *

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी परम पूज्या माताजी



श्रीमती कमल बाला गर्ग

धर्मपत्नी: श्री शिव कुमार गर्ग

सांसारिक यात्रा पूर्ण कर के दिनांक 21 मई 2025, दिन बुधवार को प्रभु चरणों में ली[n]
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु निम्न कार्यक्रम है:

सोमवार, 02 जून 2025

हवन ........................ प्रातः 8 बजे
ब्राह्मण भोज ........................ प्रातः 11 बजे
निज स्थान: 146 बाग भाटियारी, निकट जी.टी. रोड, गाज़ियाबाद

प्रसादी ........................ दोपहर 12:30 बजे
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी ........................ दोपहर 3 बजे से

कार्यक्रम स्थल
हिंदी भवन – लोहिया नगर, गाज़ियाबाद

शोकाकुल
गौरव गर्ग (पुत्र), प्रियेशु गर्ग (पुत्र)
एवं समस्त गर्ग परिवारजन
Mobile: 9917472346


# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया 7 लाख की लागत से बनने वाली गली का शुभारंभ



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद वार्ड नंबर 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के द्वारा गांव में विकास कार्य को गति देते हुए रोड नंबर 12 से लगने वाली गली का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया गया। भूपेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि गली के साथ नाली का भी निर्माण भी किया जाएगा। क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य करने के लिए पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय भर्षक प्रयास कर रहे हैं। वार्ड नंबर 41 की कोई भी गली और नाली टूटी ना रह जाए उसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है और नित्य नए शुभारंभ क्षेत्र वासियों के सहयोग से किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद लोगों में वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, होशियार सिंह नागर, महेश उपाध्याय, पाले राम चौधरी, आर एस यादव, जसविंदर सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, दानवीर सोलंकी, वरुण सिंह, मुरारी सिंह, विनोद राय, चंद्रपाल, चंदन सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पहुंचे समस्त ग्रामवासियों को भरोसा दिलाते हुए पार्षद ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए निरंतर प्रयास जारी है और विकास कार्य की गति को तेज किया जाएगा इसके लिए जिस प्रकार से आप लोगों का सहयोग और साथ मिल रहा है, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं और आपका आभार व्यक्त करता हूं।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। मंच पीएम का हो, मंच सीएम का हो या मंच डीएम का हो, अगर ये गाजियाबाद है तो मंच का संचालन डॉ पूनम शर्मा के हाथ में ही होगा। वो गाजियाबाद में मंच संचालन की एक बड़ी पहचान हैं। सरकारें बदलीं, मुख्यमंत्री बदले मगर मंच पर जो एक शख्सियत नहीं बदली वो नाम पूनम शर्मा का है। अपनी सफलता को उन्होंने अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया। पूनम शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।